26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 7 अप्रैल, 2026
अंक- 162 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

इजरायल की सेना ने ईरान के लोगों के लिए एक तत्काल चेतावनी जारी की है। इसमें ईरान के लोगों को अगले 12 घंटे तक ट्रेन और रेलवे ट्रैक से दूर रहने के लिए कहा गया है। इस चेतावनी में उन्हें अगले 12 घंटे यानि स्थानीय समय के मुताबिक रात 9 बजे तक ट्रेनों और रेलवे लाइनों से दूर रहने को कहा गया है।

## यूपी कैबिनेट का बड़ा फ़ैसला

# शिक्षामित्रों का 18 हजार, अनुदेशकों का मानदेय 17 हजार रुपये हुआ

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज हुई कैबिनेट बैठक में शिक्षामित्रों का मानदेय 18 हजार रुपये और अंशकालिक अनुदेशकों का मानदेय 17 हजार रुपये करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। अभी तक शिक्षामित्रों को 10 हजार रुपये और अनुदेशकों को 9 नौ हजार रुपये का मानदेय दिया जाता था। बैठक के बाद प्रदेश के बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने प्रस्ताव के बारे में जानकारी दी और कहा कि शिक्षामित्रों और अनुदेशकों का बढ़ा हुआ मानदेय 1 मई से दिया जाएगा।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि 2017 में भाजपा की सरकार आने पर शिक्षामित्रों का मानदेय 3500 रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 10 हजार रुपये किया गया था और अब 18 हजार रुपये किया जा रहा है। इसकी घोषणा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहले ही कर दी थी जिसके बाद कैबिनेट की बैठक में आज प्रस्ताव पर चर्चा हुई और प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश के स्कूलों में 27 हजार से ज्यादा अंशकालिक अनुदेशक कार्य करते हैं। बैठक में अनुदेशकों के मानदेय को भी नौ हजार रुपये से बढ़ाकर 17 हजार रुपये करने पर सहमति दे दी गई है। बैठक में कुल 22 प्रस्तावों पर मंत्रिपरिषद ने सहमति की मुहर लगाई। एक अन्य प्रस्ताव में छात्रों को वितरित करने के लिए 25 लाख टैबलेट की खरीद को भी मंजूरी दे दी गई। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि अभी तक प्रदेश में 60 लाख स्मार्ट फोन और टैबलेट वितरित किए जा चुके हैं और अब 25 लाख टैबलेट और खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है।

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE






डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
( गुदा रोग विशेषज्ञ )
आने से पहले कॉल करें-

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं
प्रत्येक शुक्रवार बास्टा ( चांदपुर ) में मिलें

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह. -चान्दपुर, जिला-बिजनौर

आवश्यकता है- सभी विषयों हेतु शिक्षिकाओं तथा चौकीदार, माली व सेविकाओं की। शीघ्र आवेदन/सम्पर्क करें

PUSHPA PORTOR PUBLIC SCHOOL

(पुष्पा पोर्टर पब्लिक स्कूल)

प्रवेश प्रारम्भ नर्सरी से कक्षा 5 तक

अंग्रेजी माध्यम

प्रवेश प्रारम्भ नर्सरी से कक्षा 5 तक

सुयोग्य एवं परिश्रमी टीचर्स
अग्रेजी माध्यम से शिक्षा
आपके बच्चे के सर्वांगीण विकास हेतु सभी सुविधाएं
समुचित फीस तथा सर्वोत्तम शिक्षा
माता पिता पर अनावश्यक खर्च का बोझ नही
आपके बच्चों का स्कूल आप के घर के पास







सेवारामपुर. रावली रोड, बिजनौर

मो. 7037308705, 9837801885
9557925763, 9927979617

# किसानों की समस्याओं को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा



नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति की मासिक पंचायत किसानों की विभिन्न प्रमुख मांगों व समस्याओं को लेकर एसडीएम कार्यालय के बाहर आयोजित की गई। पंचायत में जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत के नेतृत्व में पहुंचे पदाधिकारियों ने किसान समस्याओं पर चर्चा उनके समाधान के लिए एक बडे आंदोलन के लिए विचार विमर्श किया। जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने बताया कि जिले भर में बड़ी फैक्ट्रियों से निकल रहे दूषित जल व धुएं ने जन जीवन को संकट में डाल रखा है। इनके द्वारा मानव जीवन को कैंसर जैसी अनेकों जानलेवा बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। पर्यावरण को प्रदूषित करने वालों के विरुद्ध एक अभियान चलाया जाएगा। किसानों के बीच पहुंचे तहसीलदार नजीबाबाद को जिलाध्यक्ष ने किसानों की विभिन्न प्रमुख समस्याओं व मांगों से अवगत कराते हुए प्रदेश के मुख्यमन्त्री को सम्बोधित ज्ञापन दिया। ज्ञापन में पर्यावरण को दूषित करने वाले दूषित जल व धुएं को नियंत्रित करने, इसके दोषियों पर कार्रवाई करने, सभी शुगर मिलों से किसानों के गन्ने का भुगतान 14 दिन के भीतर कराने का प्रावधान लागू कराने, सहकारी समितियों में किसानों की ब्याज दर पुरानी 3 प्रतिशत किये जाने, किसानों की जमीनों पर बनी अवैध कालोनियों को ध्वस्त कराने, जनपद के जनमानस को आदमखोर गुलदारों के आतंक से मुक्ति दिलाने, किसानों के घरों की घरौनी बनाने में आ रही समस्या दूर कराने, गंगा कटान को रोकने के लिए वालावाली से रावली तक स्थायी तटबंध बनाने, कर्ज के बोझ तले दबे किसानों पर बैंकों के सम्पूर्ण कर्ज को माफ कराने, 60 वर्ष से अधिक आयु के किसानों व मजदूरों को जीवन यापन के लिए 10 हजार रुपये मासिक पेंशन दिलाने, नांगल सोती क्षेत्र में जनसेवा हेतु एक आधार कार्ड सेंटर खुलवाने आदि की मांगें की गई। मासिक पंचायत में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गौतम शर्मा, अजयपाल सिंह, सरदार जसवीर सिंह धारीवाल, सरदार गुरपेज सिंह, महिला जिलाध्यक्ष मोनिका चौधरी, मास्टर मुनेंद्र सिंह, नीटू राणा, मूला सिंह, जय सिंह, दयाराम सिंह, ओमप्रकाश सिंह, प्रीतम सिंह, टीकम सिंह, मुब्बशिर बेग, अकरम अली, शहजाद अली, डॉ. अरूण कुमार, खुर्शीद अहमद, शौकत अली, राजीव शर्मा आदि मौजूद रहे।

# पंडित मनोज गौड़ अंतरराष्ट्रीय धर्म परिषद के महामंत्री/संयोजक बने

नजीबाबाद (चिंगारी)। हरिद्वार के अवभूत मंडल आश्रम, बाबा हीरादास हनुमान मंदिर में धर्म कार्यों से जुड़े सन्त, कथावाचक, पुरोहित, ज्योतिषचार्य, योगाचार्य एवं मंदिरों के पुजारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सनातन संरक्षण के लिए अंतराष्ट्रीय धर्म परिषद का गठन कर सर्वसम्मति से महंत नित्यानंद को अध्यक्ष व नजीबाबाद निवासी पंडित मनोज गौड़ को महामंत्री/संयोजक चुना गया। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा के बाद बताया गया कि सनातन के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए यह संगठन बनाया गया है। जिसका नाम अंतर्राष्ट्रीय धर्म परिषद रखा गया है। इस मौके पर महंत नित्यानंद को अध्यक्ष व नजीबाबाद निवासी पंडित मनोज गौड़ को महामंत्री/संयोजक बनाए जाने पर उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर युवा भारत साधु समाज के अध्यक्ष शिवम महंत, महामंत्री महंत रविदेव शास्त्री, महंत ओमानंद, तीर्थ पुरोहित उज्ज्वल पंडित, ज्योतिषाचार्य आशुतोष अग्रवाल, कथावाचक संदीप आत्रेय शास्त्री, कथावाचक वासुदेवदास, कथावाचक केवल कृष्ण शास्त्री, मनसादेवी अमन दुबे, महेश दुबे, शास्त्री केशुराज गौड़, पंडित मोहित जोशी, पंडित मनोज गौड़, पंडित हिमांशु शर्मा, संतोष दीक्षित, महंत गोविन्ददास, महंत कामेश्वर पूरी, महंत डॉ परमानन्द, योगआचार्य विपिन जोशी, महंत बलराम मुनि, महंत ज्योतिर्मयानंद, पंडित राजेश तिवारी आदि उपस्थित रहे।



# बाबा नन्हें मियां का सालाना उर्स कल

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला पाईबाग स्थित हजरत बाबा नन्हें मियां चिश्ती दरगाह पर एक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें तय हुआ कि हर साल की तरह इस साल भी मजार का 97 वां सालाना 3 दिवसीय उर्स बड़ी शानो शौकत के साथ आयोजित किया जाएगा। उर्स 8, 9 व 10 अप्रैल बाद नमाज ए फजर कुरान ख्वानी बाद शुरू होगा। उर्स में नमाज ए मगरिब लंगर तकसीम एवं बाद नमाज ए ईशा सूफियाना कव्वाली का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की सदारत डॉ. नईम अख्तर एवं निजामत अब्बास खलीफा ने की। इस अवसर पर सूफी नजाकत अली, बाबा मौ. हसन, शराफत चौधरी, शरीफ अहमद उर्फ मन्नू खलीफा, अजीम अख्तर, कामरान अली अंसारी, इदरीस अब्बासी, इरशाद अंसारी, डॉ. जुनैद अंसारी आदि उपस्थित रहे।

# दरोगा का महिलाओं के घरों पर पहुंचकर धमकाने का वीडियो वायरल

नजीबाबाद/मंडावली। क्षेत्र के ग्राम जटपुरा बोंडा में कंपोजिट शराब की दुकान हटाने को लेकर एक सप्ताह पूर्व गांव की महिलाओं ने शराब की दुकान के सामने धरना प्रदर्शन किया था। एसडीएम को एक प्रार्थना पत्र देकर दुकान आबादी क्षेत्र से कहीं और खोले जाने की मांग की थी। इसी बात को लेकर मंडावली थाने के हल्का दरोगा ने रविवार को रात्रि में धरना देने वाली महिलाओं के घर पहुंचकर उन्हें हड़काया। जिसकी एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। वीडियो में दरोगा महिलाओं को धमकाते हुए कह रहे हैं कि अगर दोबारा से धरना दिया तो तुम्हे देख लूंगा, तुम्हे बर्बाद कर दूंगा, तुम्हारा समूह बंद करा दूंगा। इसके बाद से गांव की महिलाएं डरी हुई है। वायरल वीडियो चर्चा का विषय बनी है। गांव की महिलाओं का कहना है कि शराब की दुकान पर आने वाले शराबी गाली गलौच करते है, खुले में शौच करते है। शराब की दुकान के आसपास का माहौल खराब हो रहा है। जिसका असर उनके परिवार पर पड़ रहा है। इस संबंध में एसडीएम को प्रार्थना पत्र दिया था लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई हैं।

# चोरी की ई-रिक्शा व मोबाइल के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

नजीबाबाद (चिंगारी)। स्थानीय पुलिस ने चार दिन पूर्व मंडी क्षेत्र से चोरी हुई ई-रिक्शा व मोबाइल फोन के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मोहम्मद हाशिम पुत्र अब्दुल गफूर, निवासी समीपुर (आईटीआई के निकट) ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि दो अप्रैल को मंडी के पास से उनकी ई-रिक्शा चोरी हो गई थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी अमित कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए इरफान उर्फ सोनू बिहारी पुत्र स्व. गुलाम रसूल निवासी नईबस्ती गढमलपुर तथा नाजिम उर्फ भोला पुत्र जहीर अहमद निवासी जलालाबाद हरिजन बस्ती को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की ई-रिक्शा, एक मोबाइल फोन व 70 रुपये नकद बरामद किए। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने शराब के नशे में पीठ बाजार, महावतपुर डैम क्षेत्र से ई-रिक्शा चोरी की थी। उसी ई-रिक्शा में उन्हें एक मोबाइल फोन व कुछ नकदी मिली थी, जिसे वे खर्च कर चुके थे। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।


ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



आवश्यकता है बिजनौर/धामपुर में
शोरूम पर कार्य करने हेतु कुशल
मैकेनिक की।
सम्पर्क करें- मो. 9084329100

*नियम व शर्तें लागू

Dhruvika Motors LLP

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

पति ने मारकर हथौड़ा, पत्नी का सिर फोड़ा ( पेज 16 )



# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विवेक विश्वविद्यालय ने आयोजित की मैराथन दौड़

## 1400 छात्र/छात्राओं ने किया प्रतिभाग, विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से किया सम्मोहित




**बिजनौर ( चिंगारी )।** विवेक विश्वविद्यालय द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस पर मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें पुरुष वर्ग में देव बलहारी तथा महिला वर्ग में सुहानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर पुरुष वर्ग में सनी कुमार तथा महिला वर्ग में सानिया रही तथा तृतीय स्थान पर पुरुष वर्ग में अभिषेक एवं महिला वर्ग में मेघा रही। इसके अलावा प्रथम 40 प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। मैराथन में प्रथम पुरस्कार ग्यारह हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार 5100 रुपये तथा तृतीय पुरस्कार 2100 रुपये महिला व पुरुष दोनों वर्गों को अलग-अलग दिये गये। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबको सम्मोहित कर दिया।

मैराथन का शुभारम्भ प्रात: 7 बजे नेहरु स्टेडियम से मुख्य अतिथि के रूप में पधारे मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिजनौर डा. कौशलेन्द्र, जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार, विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अमित गोयल, प्रति कुलाधिपति दीपक मित्तल, कुलपति एन.के.गुप्ता, सीईओ अनिल शर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया।

पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में यूपीएससी में 662 रैंक प्राप्त चंदवाहिनी चौधरी ने छात्र/छात्राओं को संबोधित करते हुये कहा कि कोई भी लक्ष्य प्राप्त हो सकता है अगर मेहनत ईमानदारी से की जाये। उन्होंने कहा की बड़े लक्ष्यों के लिये प्रयास भी बड़े ही होते हैं।

विवेक मैराथन नेहरु स्टेडियम से प्रारम्भ होकर शक्ति चौक थाना कोतवाली बुखारा रोड होते हुये जानी का चौराहा से नूरपुर रोड पर स्थित विवके विश्वविद्यालय पर समाप्त हुयी। इस प्रतियोगिता में 1400 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के समापन में महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना, क्लासिकल फयुजन, छलांग, योद्धा हूं मैं, योगा डांस, युगचक्र, मैं लड़ जावा, ठान लिया आशाएं आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन विश्वजीत एवं रितु बिस्ट द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्वविद्यालय के डीन डा. दीप्ती डिमरी, डा. राजीव चौधरी, डा. सौरभ शर्मा, डा. सर्वेश शीतल, डा. रंगानाथन, डा. देबाशीष, डा. संजय कुमार त्यागी, डा. हर्ष कुमार, डा. अनुपम आजाद, डा. राशि तंवर, डा. अनुकूल द्विवेदी, डा. अंजली रानी, डा. मीना चौधरी, डा. पुष्पाजोशी, डा. शैलेन्द्र शर्मा, डा. मनिका मुकुल कुमार, पंकज त्यागी आदि सभी शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा। विवेक हॉस्पिटल द्वारा रोहन पराशर एवं कोमल के सानिध्य में छात्र/छात्राओं की देखरेख हेतु मैराथन में चिकित्सा कैम्प लगाया गया।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to : manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk
Vasant Kunj New Delhi.

आर.जी.एन.पी. डिग्री कॉलेज, राजा का ताजपुर, बिजनौर (उ.प्र.)
आवश्यकता है
यू.जी.सी./विश्वविद्यालय मानकों के अनुसार निम्न पदों हेतु आवेदन आमंत्रित-
* प्राचार्य 01
* स्नातक सभी विषय
* स्नातकोत्तर सभी विषय
इच्छुक अभ्यर्थी एक सप्ताह के भीतर सम्पर्क करें।
ई-मेल : Satyaveersinghyzy@gmail.com
मोबाइल- 8958928240
प्रबंधक महोदय

Hero
अप्रैल में हीरो के साथ
शानदार ऑफर के साथ



1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक

CASH DISCOUNT OFFER

| S.No | Model | Offer Amount (Rs) |
|---|---|---|
| 1 | Scooters (Minus Xoom 125, Xoom | 3000 |
| 2 | HF Deluxe | 2100 |
| 3 | Super Splendor | 3000 |
| 4 | Xtreme 125R | 2500 |
| 5 | Glamour X | 2500 |
| 6 | Premium Segment | 5000 |
| 7 | Mavrick | 50000 |
| 8 | Xtreme 160R (old) | 10000 |

आवश्यकता है
1.कुशल मैकेनिक 2.सुपरवाइजर 3.सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल 4.नेटवर्क मैनेजर 5.फीमेल टेलीकॉलर

कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

## भारत में मानवाधिकार-2

शांति और विकास के लिए न्याय और कानून को शर्त बताते हुए भारत ने पिछले दिनों संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों को मानवाधिकारों का संरक्षण करने और महिलाओं के खिलाफ भेदभाव करने वाली नीतियां समाप्त करने के लिए जरूरी कदम उठा कर अपनी प्रतिबद्धता जताने को कहा था, पर विडंबना यह है कि भारत में ही महिलाओं को मानवीय दर्जा देने से गुरेज होता रहा है। विशेषकर कमजोर तबकों के साथ तो यह आम बात है।

बीते दिनों महाराष्ट्र के कराड़ में तथाकथित ऊंची जाति के लोगों ने एक दलित महिला को बाल पकड़ कर घसीटा, निर्वस्त्र करके डंडों और चप्पलों से पिटाई की और उसी हालत में गांव में घुमाया। इसकी वजह महज इतनी थी कि पीड़ित महिला के बेटे को एक ऊंची कही जाने वाली जाति की लड़की से प्रेम हो गया था। यह पहला वाकया नहीं है। दलित उत्पीड़न की ज्यादातर घटनाएं सामने नहीं आ पातीं हैं और जो आती भी हैं, उनमें अमूमन न्याय नहीं मिलता। अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग अपनी एक रिपोर्ट में बता चुका है कि कमजोर वर्गों के खिलाफ अत्याचार के मामलों में लगभग 70 प्रतिशत अभियुक्त बरी हो जाते हैं। यूएन ऑफिस और ड्रग्स एंड क्राइम रिपोर्ट बताती है कि 2009 में पुलिस, पति और रिश्तेदारों की यातना और क्रूरता के 89,564 मामले दर्ज किये गये हैं। 2009 में पुलिस ने घरेलू हिंसा की वजह से होने वाली 8383 मौतों की रिपोर्ट दर्ज की, इसमें दहेज की वजह से होने वाली हत्याएं भी शामिल थीं। मानवाधिकारों के हनन का मामला जितना दलितों से जुड़ा है, उतना ही उन बच्चों के साथ भी जो आज भी बुनियादी शिक्षा से वंचित हैं और श्रम करने को मजबूर हैं। भारत में 5-14 वर्ष आयु वर्ग के कुल एक करोड़ 26 लाख बाल श्रमिक हैं, जिनमें से 45.62 प्रतिशत पूरी तरह से श्रम पर आधारित हैं। किसी भी देश के लिए मानवाधिकारों के हनन की इससे वीभत्स स्थिति और क्या हो सकती है? वर्ग, लिंग, जाति, प्रजाति, धर्म, आय, विकलांगता अथवा स्वास्थ्य जैसे सामाजिक भेदभाव की परवाह किए बगैर अपने कतिपय बुनियादी अधिकारों और आवश्यकताओं का उपभोग करने का पूर्ण अधिकार सभी को है, पर क्या देश यह दावा कर सकता है कि हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था में मानवाधिकार की रक्षा हो रही हैं। समाप्त

# दंड से सुधार की ओर विश्वास आधारित न्यायिक यात्रा

**ललित गर्ग**

भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में कानून का उद्देश्य केवल दंड देना नहीं, बल्कि व्यवस्था, अनुशासन, सुधार और विश्वास का वातावरण बनाना भी होता है। इसी दृष्टि से भारत सरकार द्वारा लाया गया जन विश्वास विधेयक 2026 पहले लोकसभा के बाद अब राज्यसभा से भी पारित होने से इसके कानून के रूप में अमल का रास्ता साफ हो गया। इसके माध्यम से उस व्यवस्था को विदा देने का जतन किया गया है, जिसमें छोटी-छोटी गलतियों या सामान्य नियम-कानूनों के उल्लंघन पर जेल की सजा का प्रविधान था, अब ऐसा होने पर आर्थिक दंड लगेगा। निश्चित ही इस विधेयक का पारित होना एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कदम है, भारतीय कानूनी परिवेश की एक उजली भोर है। निश्चित तौर यह कानून दंडात्मक व्यवस्था से सुधारात्मक व्यवस्था की ओर बढ़ने का संकेत देता है। इसमें लगभग 79 केंद्रीय कानूनों में संशोधन कर 784 प्रावधानों में संशोधन किये गये हैं और 700 से अधिक छोटे अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर किया गया है। इससे अदालतों में मुकदमों का बोझ और न्यायिक तंत्र पर दबाव कम होगा। अब ड्राइविंग लाइसेंस की अवधि खत्म होने पर भी वह 30 दिन तक वैध रहेगा और राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगाने पर सजा के स्थान पर जुर्माने का प्रविधान होगा। इसी तरह अन्य अनेक मामलों में ऐसा होगा। इनमें से कई मामले कारोबारियों से भी जुड़े हैं, जैसे पहले ड्रग्स एवं कास्मेटिक नियमों के उल्लंघन पर जेल हो सकती थी, लेकिन अब केवल जुर्माना लगेगा, जो छोटे कारोबारी प्रायः जटिल नियम-कानूनों के अनचाहे उल्लंघन के कारण दंडित होने के दबाव में भयभीत रहते थे, वे अब भयमुक्त होंगे।




भाजपा सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रमुख लक्ष्यों में से एक है भारत की व्यवस्था एवं कानूनों का सरल एवं सुगम बनाना, यह कानून उसी दिशा में एक रचनात्मक एवं सृजनात्मक उपक्रम है। इस विधेयक से न केवल न्यायिक प्रणाली पर बोझ कम होगा, बल्कि नागरिकों, उद्यमियों और निवेशकों में सरकार के प्रति विश्वास भी बढ़ेगा। इसे 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन' की अवधारणा को व्यवहार में उतारने वाला कानून भी कहा जा सकता है। दंड नहीं, सुधार की भावना को बल देते हुए इस कानून से आम-जनता को कानून की जटिल प्रक्रियाओं एवं भ्रष्टाचार की व्यवस्था से मुक्ति मिलेगी। भारतीय न्याय व्यवस्था लंबे समय तक दंड आधारित रही है, जिसमें छोटे-छोटे उल्लंघनों के लिए भी आपराधिक मुकदमे चल जाते थे। इससे अदालतों में मुकदमों का ढेर लग जाता था और आम नागरिक अनावश्यक कानूनी प्रक्रियाओं में उलझ जाते थे। जन विश्वास विधेयक ने इस सोच को बदलने का प्रयास किया है। इससे कानून का उद्देश्य दंड देना नहीं, बल्कि सुधार करना और व्यवस्था बनाए रखना होगा। अपराध की गंभीरता के अनुसार दंड तय करना न्याय के मूल सिद्धांतों के अधिक अनुरूप है। इस कानून से न्यायिक प्रक्रिया तेज होगी और गंभीर अपराधों पर अधिक ध्यान दिया जा सकेगा। यह कानून न्यायिक सुधार की दिशा में भी एक बड़ा ऐतिहासिक कदम है, क्योंकि इससे न्यायालयों का समय और संसाधन बचेंगे और न्याय प्रणाली अधिक प्रभावी बनेगी। इस कानून का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य व्यापार और उद्योग जगत में विश्वास का वातावरण बनाना भी है। पहले कई छोटे नियमों के उल्लंघन पर आपराधिक मुकदमे दर्ज हो जाते थे, जिससे उद्यमियों और निवेशकों में भय का वातावरण रहता था। अब आर्थिक दंड के प्रावधान से अनुपालन का बोझ कम होगा और व्यापार करने में आसानी होगी। इससे छोटे उद्यमियों, स्टार्टअप और उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा तथा भारत में निवेश का वातावरण और बेहतर बनेगा। वैश्विक स्तर पर भी भारत की छवि एक सरल और निवेश अनुकूल देश के रूप में मजबूत होगी। इस कानून की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसकी भावना भारतीय संस्कृति के बहुत निकट दिखाई देती है। भारतीय संस्कृति में दंड से अधिक सुधार, प्रतिशोध से अधिक क्षमा और अपराध से अधिक परिमार्जन की परंपरा रही है। हमारे शास्त्रों और परंपराओं में कहा गया है कि मनुष्य से गलती होना स्वाभाविक है, लेकिन उसे सुधार का अवसर मिलना चाहिए। छोटी-छोटी गलतियों के लिए कठोर दंड देना न्याय नहीं, बल्कि अन्याय की श्रेणी में आ सकता है। इस दृष्टि से यदि कानून व्यवस्था में क्षमा, सुधार और परिमार्जन की व्यवस्था हो, तो समाज अधिक मानवीय और संवेदनशील बन सकता है। भारत की संस्कृति दंडात्मक नहीं, बल्कि सुधारात्मक और समन्वयवादी रही है। जन विश्वास विधेयक इसी भावना को आधुनिक कानूनी व्यवस्था में स्थापित करने का प्रयास प्रतीत होता है। यह कानून विश्वास आधारित शासन की ओर अग्रसर होने के साथ मेरा भारत महान का उद्घोष है। यह कानून सरकार और नागरिकों के बीच विश्वास को मजबूत करने वाला भी है। जब सरकार नागरिकों को अपराधी मानने के बजाय जिम्मेदार नागरिक मानकर कानून बनाएगी, तो नागरिकों में भी कानून के प्रति सम्मान और

> **भाजपा सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रमुख लक्ष्यों में से एक है भारत की व्यवस्था एवं कानूनों का सरल एवं सुगम बनाना, यह कानून उसी दिशा में एक रचनात्मक एवं सृजनात्मक उपक्रम है। इस विधेयक से न केवल न्यायिक प्रणाली पर बोझ कम होगा, बल्कि नागरिकों, उद्यमियों और निवेशकों में सरकार के प्रति विश्वास भी बढ़ेगा। इसे 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन' की अवधारणा को व्यवहार में उतारने वाला कानून भी कहा जा सकता है।**

पालन की भावना बढ़ेगी। विश्वास आधारित शासन किसी भी लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति होता है। भय आधारित शासन में नागरिक कानून से बचने की कोशिश करते हैं, जिससे समाज में भ्रष्टाचार को पनपने का मौका मिलता है, जबकि विश्वास आधारित शासन में नागरिक कानून का पालन स्वयं करते हैं। देश एवं समाज के प्रति जिम्मेदारी का अहसास स्वतः जागता है। भारत ने 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य रखा है। विकसित राष्ट्र बनने के लिए केवल आर्थिक विकास ही नहीं, बल्कि न्यायिक, प्रशासनिक और कानूनी सुधार भी आवश्यक है। जन विश्वास विधेयक इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा सकता है। सरल कानून, कम सरकारी हस्तक्षेप, तेज न्याय प्रणाली और व्यापार के लिए अनुकूल वातावरण-ये सभी विकसित राष्ट्र की पहचान होते हैं। इस दृष्टि से यह कानून भारत को आधुनिक और विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में सहायक सिद्ध होगा। यह भी स्वीकार करना होगा कि इस प्रकार के बड़े कानूनी सुधार राजनीतिक इच्छाशक्ति के बिना संभव नहीं होते। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने कई प्रशासनिक और कानूनी सुधार किए हैं, जिनका उद्देश्य शासन को सरल, पारदर्शी और जनहितकारी बनाना है, न्याय व्यवस्था को ज्यादा मानवीय एवं व्यावहारिक बनाना है। इसी कारण प्रधानमंत्री ने इस विधेयक के पारित होने पर यह आशा व्यक्त की कि इसके जरिये भरोसे पर आधारित व्यवस्था का निर्माण होने के साथ आम नागरिक सशक्त बनेंगे। जन विश्वास विधेयक उसी श्रृंखला का एक महत्वपूर्ण कदम है, जो यह दर्शाता है कि सरकार नागरिकों को दंडित करने की बजाय उनके साथ विश्वास का संबंध स्थापित करना चाहती है। यह कानून शासन और जनता के बीच विश्वास का पुल बनाने का एक सराहनीय एवं सूझबूझ भरा प्रयास है। वास्तव में कानून का शासन ऐसा होना चाहिए, जिसमें मामूली गलती या किसी गफलत या अनजाने में की गई भूल कठोर सजा का कारण नहीं बननी चाहिए। अब जब जन विश्वास विधेयक से हालात में व्यापक बदलाव की उम्मीद की जा रही है, तब यह आवश्यक हो जाता है कि इस विधेयक के प्रविधानों से आम जनता को अवगत कराया जाए, ताकि वह अधिकतम लाभ उठा सकें और शोषण एवं भ्रष्टाचार से भी बच सकें।

# कृष्णा ग्रुप ऑफ कॉलेजेस द्वारा दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए सीडीओ रणविजय सिंह।



कबड्डी में प्रतिभाग करते हुए कालेज के खिलाड़ी।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** कृष्णा ग्रुप ऑफ कॉलेजेस द्वारा नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम बिजनौर में दो दिवसीय अंतर्विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी बिजनौर रणविजय सिंह, जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार सिंह, कॉलेज के संस्थापक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, लॉ कॉलेज प्राचार्य डा. परवेज अहमद खां, सांइस कॉलेज प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा, फार्मेसी प्राचार्य डा. अंकित कुमार सैनी, प्राचार्य डॉ. विवेक वर्मा ने फीता काटकर किया।

प्रथम दिवस की प्रतियोगिताओं में दौड़ प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जिसमें 100 मीटर दौड़ (पुरुष वर्ग) में आशीष कुमार, ने प्रथम स्थान, मौ. फैज ने द्वितीय स्थान एवं मौ. अदीब ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ (महिला वर्ग) में आरजू ने प्रथम स्थान, खुशी चिकारा ने द्वितीय स्थान एवं अनुष्का ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में (पुरुष वर्ग) में आशीष कुमार ने प्रथम, रवीश अहमद ने द्वितीय तथा मौ. अदीब ने तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं महिला वर्ग में कसक ने प्रथम स्थान व आरजू ने द्वितीय तथा खुशी त्यागी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 1500 मीटर में (पुरुष वर्ग) में केतन कुमार ने प्रथम स्थान व द्वितीय मुज्जमिल ने तथा आकाश पाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद (पुरुष वर्ग) में जतीन ने प्रथम स्थान व द्वितीय स्थान मौ. अदीब ने तथा देवांश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कबड्डी (पुरुष वर्ग) के फाइनल में कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंन्स एण्ड आई.टी. की टीम ने कृष्णा फॉर्मेसी कॉलेज की टीम को 28-26 के अंतर से हराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्रीड़ा सचिव विशाल विक्रम सिंह व अरमान मलिक, क्रीड़ा अधिकारी संजीव कुमार, विचित्रा मलिक, डॉ. पायल राठी, कृष्ण कुमार व समस्त शिक्षकों व कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## 100 मीटर दौड़ में आशीष व आरजू ने पहला स्थान पाया

# निष्ठा ने तीरंदाजी में बनाकर राष्ट्रीय कीर्तिमान बढ़ाया अपने जिला बिजनौर का सम्मान

## गोल्ड मेडल जीता

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिले की उभरती तीरंदाज खिलाड़ी निष्ठा गुप्ता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीरंदाजी में नया नेशनल रिकॉर्ड अपने नाम किया है। जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि निष्ठा ने अंडर-15 बालिका वर्ग में 720 में 712 अंक अर्जित कर राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने बताया कि ग्राम शादीपुर निवासी वरिष्ठ पत्रकार विवेक गुप्ता की पुत्री निष्ठा गुप्ता ने आंध्र प्रदेश के गुंटूर में आयोजित अंडर-15 राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में कंपाउंड वर्ग में भाग लिया। प्रतियोगिता के स्कोरिंग राउंड में निष्ठा ने 720 में से 712 अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया और उत्तर प्रदेश को स्वर्ण पदक दिलाया।



निष्ठा के इस प्रदर्शन ने न केवल उन्हें स्वर्ण पदक दिलाया, बल्कि 712 अंकों के साथ नया नेशनल रिकॉर्ड भी स्थापित किया। जिला क्रीड़ा अधिकारी ने निष्ठा की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। उन्होंने यह भी बताया कि निष्ठा का पूर्व में भारतीय तीरंदाजी जूनियर टीम के कैंप के लिए चयन हो चुका है।

# अभिनेता मुश्ताक कांड में शामिल गैंगस्टर एक्ट का वांछित शशांक भी गिरफ्तार

## छह को पुलिस पहले ही भेज चुकी है जेल

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शहर कोतवाली पुलिस ने अभिनेता मुश्ताक कांड में शामिल गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे अभियुक्त शशांक निवासी गाजियाबाद को गिरफ्तार किया है। गैंग में शामिल छह आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है, जबकि तीन ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। गौरतलब हो कि 20 नवंबर 24 को अभिनेता मुश्ताक खान को इंवेट के नाम पर बुलाकर दिल्ली से उनका अपहरण कर उन्हें बिजनौर की नई बस्ती में एक मकान में बंधक बनाकर रखा गया था। आरोप है कि बदमाशों ने उन्हें डरा-धमकाकर 2 लाख 20 हजार रुपये की रकम वसूली थी। पुलिस ने पूर्व सभासद रिक्की उर्फ सार्थक चौधरी, अंकित उर्फ पहाड़ी, अजीम अहमद, गोला उर्फ दीपेंद्र उर्फ आकाश, शिवा, लवी उर्फ सुशांत उर्फ हिमांशु, शशांक निवासी जनकपुरी गाजियाबाद और शबीउद्दीन उर्फ सैबी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। 12 फरवरी को शहर कोतवाली के थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने फिल्म अभिनेता मुश्ताक खान के अपहरण कर फिरौती वसूलने में शामिल पूर्व सभासद सहित गिरोह के 10 सदस्यों के खिलाफ गैंगस्ट रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने सोमवार को वांछित अभियुक्त शशांक पुत्र स्पेंद्र उर्फ रूपेंद्र निवासी जनकपुरी, थाना साहिबाबाद जिला गाजियाबाद को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। शहर कोतवाल रामप्रताप सिंह का कहना है कि गैंगेस्टर एक्ट में शशांक फरार चल रहा था।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# आरोप : नाबालिग़ से दुष्कर्म के आरोपियों को गिरफ़्तार नहीं कर रही पुलिस

## एसपी ने जांच सीओ नजीबाबाद को सौंपी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस पकड़ने में रूचि नहीं दिखा रही है। इल्जाम है कि आरोपी पक्ष पीड़ित पर फैसले का दबाव बना रहा है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि मंडावली पुलिस आरोपियों से मिली हुई है, जिसके चलते आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही है।

सोमवार को मंडावली थाने के एक गांव निवासी पीड़ितों ने एसपी को दिए-पत्र में कहा है कि पीड़िता कक्षा नौ की छात्रा है। उसके स्कूल में पढ़ने वाले कक्षा 12 के छात्र ने छात्रा को स्कूल के एक कमरे में बंद कर उसके गंदे फोटो खींच लिए थे, जिसके बाद आरोपी छात्र-छात्रा को फोटो वायरल करने की धमकी देकर जबरदस्ती मिलने के लिए बुलाता था। आरोप है कि 27 मार्च को आरोपी छात्र डरा-धमकाकर छात्रा को कब्रिस्तान के पास जंगल में ले गया, जहां उसके दो साथी और खड़े थे। छात्रा के साथ चाकू से डरा धमकाकर छात्र ने दुष्कर्म किया। लेकिन किसी के आने की आहट पर पीड़िता को पास ही मुर्गी फार्म पर ले गए। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने छात्रा को शाम के समय मुर्गी फार्म से बरामद कर लिया। आरोप है कि पीड़ित परिजन रिपोर्ट दर्ज कराने थाने गए, लेकिन पुलिस ने जबरदस्ती तहरीर बदलकर चार अप्रैल को उनकी रिपोर्ट दर्ज की। आरोप है कि मंडावली पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि आरोपी पक्ष फैसला करने का दबाव बना रहा है। एसपी अभिषेक झा ने मामले की जांच सीओ नजीबाबाद को सौंपी है। मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार का कहना है कि दुष्कर्म का आरोप गलत है। मामला प्रेम प्रसंग का है। सीओ नजीबाबाद अंजनी कुमार का कहना है कि जांच उन्हें मिली है, जांच के दौरान जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# उत्तराखंड में फिर बड़े राजनीतिक उलटफेर की तैयारी

## 12 बड़े नेता जल्द कांग्रेस में हो सकते हैं शामिल — गणेश गोदियाल और यशपाल आर्य का दावा

**देहरादून ( चिंगारी )।** उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव 2027 से पहले माहौल बनाने की जद्दोजहद जारी है। इस कड़ी में कांग्रेस दलबदल का रास्ता इख्तियार भी कर चुकी है। पहले चरण के बाद अब दलबदल के लिए नेताओं की दूसरी खेप भी तैयार है। खास बात ये है कि पार्टी ने इन नेताओं की संख्या भी घोषित कर दी है। आगामी दिनों में प्रदेश प्रभारी के दौरे के दौरान कुछ बड़ा देखने को मिल सकता है।

उत्तराखंड की राजनीति में चुनावी सरगर्मियां तेज होती जा रही हैं और इसी के साथ दल-बदल का दौर भी अब खुलकर सामने आने लगा है। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस राज्य में अपने पक्ष में माहौल बनाने के लिए लगातार रणनीति पर काम कर रही है। इसी कड़ी में अब कांग्रेस में शामिल होने वाले नेताओं की दूसरी खेप तैयार बताई जा रही है, जिसमें 12 नेताओं के नाम पर मुहर लगाने के लिए मंथन चल रहा है।



कांग्रेस ने हाल ही में दलबदल के पहले चरण में 6 नेताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाई थी। इन नेताओं के कांग्रेस में शामिल होने के बाद प्रदेश की राजनीति में खासा हलचल देखने को मिली थी। इसकी वजह ये भी रही कि इन 6 नेताओं में से अधिकांश का संबंध बीजेपी से रहा है और वे पूर्व विधायक जैसे प्रभावशाली पदों पर भी रह चुके हैं। ऐसे में इस घटनाक्रम को कांग्रेस के लिए एक मनोवैज्ञानिक बढ़त के तौर पर देखा गया। बीती 28 मार्च को दिल्ली में राज्य के 6 बड़े चेहरों ने कांग्रेस ज्वॉइन की थी। दिल्ली में आयोजित इस ज्वॉइनिंग कार्यक्रम के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल बना और यह संदेश देने की कोशिश की गई कि पार्टी चुनाव से पहले अपनी स्थिति मजबूत कर रही है, लेकिन इस पूरे घटनाक्रम के बीच एक समय ऐसा भी आया, जब पार्टी की अंदरूनी राजनीति चर्चा का विषय बन गई। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के उपार्जित अवकाश लेने की बात सामने आने के बाद राजनीतिक हलकों में कई तरह की अटकलें लगाई जाने लगीं। माना गया कि रामनगर के नेता संजय नेगी की ज्वॉइनिंग को लेकर नाराजगी के चलते हरीश रावत ने यह कदम उठाया। गोदियाल का दावा है कि बीजेपी के कई सिटिंग विधायक भी कांग्रेस में शामिल होना चाहते हैं, लेकिन कानूनी कार्रवाई और अपने बचे हुए कार्यकाल की वजह से खुद को थामे हुए हैं।

### प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी का दौरा माना जा रहा अहम

**कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा का उत्तराखंड दौरा भी बेहद अहम माना जा रहा है। कुमारी शैलजा जल्द ही पांच दिवसीय दौरे पर राज्य में आने वाली हैं, जहां वे विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगी। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इस दौरे के दौरान ही इन 12 नेताओं में से कुछ की ज्वॉइनिंग करवाई जा सकती है, जिससे पार्टी को एक बार फिर मजबूती का संदेश देने का मौका मिलेगा। दूसरी ओर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने भी इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि वे बीजेपी की तरह दल-बदल को लेकर बढ़ा-चढ़ाकर दावे नहीं करना चाहते, लेकिन ये सच है कि बीजेपी के कई बड़े नेता कांग्रेस में शामिल होने की इच्छा रखते हैं। आर्य का कहना है कि 'आने वाले समय में ऐसे कई नेता कांग्रेस में शामिल होते दिखाई देंगे, जो बीजेपी में मजबूत कद रखते हैं।'**

# जीआईसी में मनाया गया नव प्रवेशोत्सव



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) कोटद्वार में आज नव प्रवेशी छात्र- छात्राओं के स्वागत में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये तथा नव प्रवेशी छात्रों के अभिभावकों को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में पीपीटी के माध्यम से राइंका कोटद्वार के गौरवशाली इतिहास की जानकारी अभिभावकों को दी गई। प्रवेशोत्सव में प्रधानाचार्य नागेंद्र सिंह चौहान, पीटीए अध्यक्ष कृष्ण दर्शन भदोला, एसएमसी अध्यक्ष रेखा भट्ट, डा. पदमेश बुडाकोटी, मनमोहन सिंह चौहान, विनोद पंत, सीतांशु खुगशाल, मनमोहन सिंह रौतेला, संतोष नेगी, पूरण चंद्र धूलिया, अनूप नेगी, भगवान सिंह नेगी, देवेंद्र रावत, सुनीता शाह, अंजना संतोषी, पूजा विष्ट, सुधीर डंगवाल, कृपाली रावत, निर्मला सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# सचिव ने किया संस्कृत विद्यालयों का निरीक्षण



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** संस्कृत नगरी में संस्कृत शिक्षा विभाग के सचिव दीपक कुमार गैरोला ने भ्रमण किया। उन्होंने सबसे पहले श्री मुनीश्वर वेदांग संस्कृत विद्यालय का निरीक्षण किया, उसके बाद कृष्ण कुंज संस्कृत विद्यालय ऋषिकेश का निरीक्षण किया तथा साथ ही श्री भरत संस्कृत विद्यालय ऋषिकेश का भी औचक निरीक्षण किया। संस्कृत विभाग के शासन के सचिव का तीर्थ एवं संस्कृत नगरी में आवागमन से संस्कृत विद्यालयों में ऊर्जा का संचार देखने को मिला। सचिव दीपक कुमार गैरोला ने राज्य सरकार के द्वारा संस्कृत शिक्षा के लिए किए जा रहे कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी, उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में संस्कृत भाषा के लिए राज्य सरकार जहां प्रदेश में तेरह संस्कृत ग्रामों की स्थापना करके गांव गांव तक संस्कृत बोल चाल की भाषा हो इस और कदम बढ़ाएं हैं वहीं संस्कृत पढ़ने वाली बालिकाओं को गार्गी छात्रवृत्ति देकर छात्राओं को भी संस्कृत पढ़ने की और प्रेरित करने का कार्य किया है।

इस अवसर पर संस्कृत शिकायके उप निदेशक डॉक्टर वाजश्रवा को भरत मंदिर संस्कृत विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र दत्त भट्ट, मुनीश्वर वेदांग के प्रधानाचार्य डॉक्टर जनार्दन प्रसाद कैरवान, कृष्ण कुंज संस्कृत विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा वशिष्ठ, मनोज द्विवेदी, जितेंद्र प्रसाद भट्ट, शंकर मणि भट्ट, डॉक्टर भानु प्रकाश उनियाल, श्रीमती शशि गौड़, सुरेश पन्त, आचार्य हर्षमणि नौटियाल, प्रियव्रत रतूड़ी, सुमित चमोली आदि उपस्थित थे।

# श्रद्धापूर्वक मनाया गया बेबे जानकी का आगमन दिवस

**धामपुर ( चिंगारी )।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा मे बेबे नानकी जी का 562 वां आगमन दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर माता सुंदरी दल के जत्थे ने गुरुवाणी के अमोलक कीर्तन की विभिन्न प्रस्तुतियों से संगत को निहाल किया। कार्यक्रम में ज्ञानी जसवीर सिंह खालसा ने बताया कि बेबे नानकी जी पहली पातशाही साहिब श्री गुरु नानक देव जी महाराज की बड़ी बहन थी जिनका जन्म सन 1464 में लाहौर के चाहल में हुआ था। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सुंदरी दल के जत्थेदार ज्ञानी जसवीर सिंह खालसा के निर्देशन में दल से संबंधित गुरु घर के अमृतधारी सेवकों एवं सेविकाओं ने गुरु वाणी के अमोलक कीर्तन की प्रस्तुतियों के द्वारा किया। सम्मान समारोह के अंतर्गत बेबे नानकी दल की जत्थेदार बीबी अमनप्रीत कौर सिडाना एवं गुरु रामदास सेवा दल के जत्थेदार सरदार रविंद्र सिंह सिडाना, बेबे नानकी दल की सेवादार बीबी सर्वजीत कौर अरोड़ा एवं बीबी हरमीत कौर खालसा को सरोपा देकर सम्मान प्रदान किया गया।

# फ्लेम क्लब धामपुर एवं इस्माइल क्लब विजयी रहे

## सिंदर पाल जुनेजा स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट

**धामपुर ( चिंगारी )।** बीएस क्रिकेट क्लब धामपुर की ओर से सिंदर पाल जुनेजा की स्मृति में कराये गये क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। केएम इंटर कॉलेज के मैदान पर रितेश जुनेजा व योगेश रस्तौगी उर्फ बाबू भैया द्वारा आयोजित किये गये टूर्नामेंट का शुभारंभ विधायक अशोक कुमार राणा द्वारा किया गया। पहले दिन दो मैच आयोजित किये गये। पहला मैच पहाड़ी दरवाजा क्लब तथा धामपुर फ्लेम क्लब के बीच हुआ, जिसमें धामपुर फ्लेम विजयी रहा, जबकि दूसरे मैच का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष रवि कुमार सिंह ने किया। इस मैच में इस्माइल क्रिकेट क्लब धामपुर ने पैजनिया क्लब को पराजित कर मैच जीत लिया। दोनों मैचों में अम्पायर की जिम्मेदारी आमिर अंसारी एडवोकेट व शादाब तथा तालिब अंसारी ने निभाई।



टूर्नामेंट का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए विधायक अशोक कुमार राणा।

# मैजुल की कुंडली खंगाल रही है नांगल पुलिस

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** देश विरोधी गतिविधियों को संचालित करने के संदेह में एटीएस, आईबी आदि जांच एजेंसियों के रडार पर आये सौफतपुर निवासी तथा दक्षिण अफ्रीका के जोहानसबर्ग में नाई का काम रहे मैजुल को देहरादून में गिरफ्तार कर लेने की चर्चायें उड़ती रहीं, लेकिन परिजनों एवं पुलिस के मुताबिक वह अभी भी दक्षिण अफ्रीका में ही है।

ज्ञातव्य है कि नांगल थानांतर्गत ग्राम सौफतपुर निवासी मैजुल पुत्र शौकीन मंसूरी का नाम तब पुलिस के सामने आया था, जब 21 नवंबर, 2025 को बीजेपी से जुड़े एड. कार्तिक बालियान ने एक्स पर शिकायत करते हुए आरोप लगाया था कि मैजुल टेररिस्ट-इन-मेकिंग है तथा अत्याधुनिक रायफलों और हैंड ग्रेनेड के साथ इंस्टाग्राम लाइव करता है। इंस्टाग्राम पर कथित एके-47 और हैंड ग्रेनेड के साथ लाइव वीडियो बनाने वाले आकिब निवासी मेरठ के साथ वह भी लाइव जुड़ा हुआ था। वह लाइव वीडियो भी पुलिस को उपलब्ध कराया गया था। इस वीडियो की जांच शुरू होने पर तत्कालीन हलका प्रभारी विनोद कुमार ने मैजुल तथा आकिब सहित अज्ञात युवकों के विरुद्ध 23 नवंबर की रात्रि में मुकदमा दर्ज कराया था। मगर तत्कालीन थानाध्यक्ष सतेन्द्र मलिक ने आकिब से वीडियो कॉल पर बात कर उसके द्वारा एके-47 को प्लास्टिक का खिलौना तथा हैंड ग्रेनेड को परफ्यूम की शीशी बताने वाली बात पर विश्वास कर चंद घंटे बाद ही मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट लगा दी थी।

अब यूपी एटीएस द्वारा देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता तथा पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में रहने के आरोप में एक गिरोह पकड़ा गया है, जिसमें साकिब उर्फ डेविल, अरबाब, विकास उर्फ रौनक तथा लोकेश उर्फ पपला पंडित शामिल हैं। मुख्य आरोपी मेरठ का साकिब उर्फ डेविल है।

एटीएस का दावा है कि पाकिस्तानी हैंडलर्स से मेरठ के साकिब की मुलाकात मेरठ के ही आकिब के द्वारा इंस्टाग्राम के माध्यम से करायी गयी थी। एटीएस का यह भी दावा है कि आकिब के एके-47 के साथ कई



एड. कार्तिक बालियान द्वारा नवंबर में एक्स पर पुलिस से की गई शिकायत

वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर उपलब्ध हैं, जिनकी जांच कराई जा रही है।

एटीएस के इन दावों के बीच आकिब के मुकदमे को चंद घंटों में ही एफआर कर देने वाले तत्कालीन थानाध्यक्ष सतेन्द्र मलिक बुरी तरह से फंस गये हैं। उन्हें सस्पैंड कर उच्चस्तरीय विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। साथ ही शिथिल पर्यवेक्षण के आरोप में क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद नितेश प्रताप सिंह को भी हटा दिया गया है।

पुलिस ने मुकदमे की पुनः विवेचना शुरू करते हुए मैजुल की कुंडली खंगालनी शुरू कर दी है। पुलिस ने मैजुल के घर पर जाकर उसके परिजनों के फोन से उससे वीडियो कॉल पर बात की।

थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने भी बताया कि मैजुल अभी भी विदेश में ही है। थानाध्यक्ष के अनुसार उसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं मिला है। उधर, एटीएस को शक है कि पकड़े गये गिरोह से और भी लोग जुड़े हो सकते हैं, जिन्हें धीरे-धीरे देश विरोधी गतिविधियों में सम्मिलित किया जा रहा था। इस प्रकरण से बिजनौर पुलिस सकते में है। एटीएस और आईबी की जिले में पैनी नज़र है।

## गिरफ्तारी की अफ़वाह उड़ी

इस बीच गांव में चर्चा उड़ती रही कि मैजुल को देहरादून में गिरफ्तार कर लिया गया है। चर्चा के मुताबिक वह विदेश से देहरादून एयरपोर्ट पर आकर उतरा था, जहां उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। लेकिन परिजनों और पुलिस के मुताबिक वह अभी भी दक्षिण अफ्रीका में ही है। मैजुल के दादा लतीफ ने बताया कि वह लगभग तीन साल पहले विदेश गया था और तब से वहीं पर है। उसका पिता शौकीन उससे पहले से दुबई में है। दोनों ही नाई का काम करते हैं। वृद्ध लतीफ ने बताया कि मैजुल उनसे 8-10 दिन में वीडियो कॉल पर बात करता रहता है।

# बाबूसिंह चौहान की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** चिंगारी एवं बिजनौर टाइम्स के संस्थापक बाबूसिंह चौहान जी की 27 वीं पुण्यतिथि (6 अप्रैल) पर स्थानीय राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

गुरु नानक देव चैरिटेबल ब्लड सेंटर नजीबाबाद के द्वारा लगाये गये स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का उद्घाटन बिजनौर टाइम्स ग्रुप के संस्थापक स्व. बाबूसिंह चौहान के मित्र शिक्षाविद स्व. रामपाल सिंह के सुपुत्र, राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज नांगल सोती के पूर्व प्रबंधक राघव प्रताप एड. ने किया। शिविर में काफी संख्या में शिक्षकों, शिक्षिकाओं, कर्मचारियों एवं क्षेत्रवासियों ने रक्तदान किया। पूर्व प्रबंधक राघव प्रताप एड., प्रधानाचार्य राजीव चौहान तथा बिजनौर टाइम्स ग्रुप के स्थानीय प्रतिनिधि रूकन राजपूत ने कहा कि बाबूसिंह चौहान का सम्पूर्ण जीवन आम आदमी की पीड़ा को अपनी लेखनी के माध्यम से वाणी देने के लिये समर्पित रहा। इसके लिये उन्हें जेल यात्रा भी करनी पड़ी, मगर वे आम आदमी की सेवा के अपने मिशन से कभी पीछे नहीं हटे। उनकी जीवनयात्रा शोध करने योग्य है। वरिष्ठ प्रवक्ता केशव शरण, डा. अखलाक हुसैन, सोनू कुमार, गौरव राजपूत, गीता शर्मा, एकता चौधरी, अमीका कर्णवाल, कमल सिंह, नरेन्द्र गोस्वामी, ललित चौधरी, संजीव पहलवान, ब्लड सेंटर से शमशेर सिंह, अजय सरदार, शुभम कुमार, आंचल सहित काफी व्यक्ति मौजूद रहे।



रक्तदाताओं को सम्मानित करते अतिथिगण



# भीमसैन हल्दिया के आवास पर पहुंचे सांसद चन्द्रशेखर

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगीना सांसद एवं आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) व भीम आर्मी के चीफ एड. चन्द्रशेखर आजाद ने सोमवार को अपनी पार्टी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य भीमसैन हल्दिया के राधा-माधव कुंज कॉलोनी, बिजनौर स्थित आवास पर पहुंचकर आगामी पंचायत चुनाव एवं विधानसभा चुनाव पर विस्तृत चर्चा की। भीमसैन हल्दिया तथा उनकी पत्नी पवित्रा देवी ने सांसद चन्द्रशेखर आजाद का गर्मजोशी से स्वागत किया। सांसद चन्द्रशेखर आजाद ने कहा कि हमें अपनी बूथ कमेटी, सेक्टर कमेटी को मजबूत कर चुनाव के लिये तैयार करना होगा, तभी हम चुनाव में अपेक्षित सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

# नहर को मिला 700 क्यूसेक पानी, किसानों में हर्ष

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** बिजनौर/रूहेलखंड क्षेत्र लंबे समय से पानी की समस्या से जूझ रहे किसानों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। पूर्वी गंगा मध्य नहर में 700 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है, जिससे क्षेत्र के हजारों किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि में सिंचाई विभाग के सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर रविंदर चौधरी एवं अजय वर्मा का विशेष सहयोग रहा, जिनके प्रयासों से नहर में पानी की व्यवस्था सुनिश्चित हो सकी। साथ ही, नितिन चिकारा (क्षेत्रीय अध्यक्ष, रूहेलखंड सामाजिक न्याय मंच) एवं चंदन चौहान (सांसद, बिजनौर) की भी इस मुद्दे को लगातार उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका रही। नितिन चिकारा द्वारा किसानों की इस गंभीर समस्या को कई बार राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष के समक्ष प्रमुखता से रखा गया, जिसके सकारात्मक परिणाम आज देखने को मिले हैं। हीमपुर दीपा क्षेत्र के ओमवीर पहलवान, राहुल ठाकुर, लोकेश कुमार, सोमवीर सिंह, हेमेंद्र सिंह, रफीक अहमद, जितेंद्र उर्फ काले आदि किसानों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए संबंधित सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। अब समय पर सिंचाई होने से फसलों को बड़ा लाभ मिलेगा और किसानों की आर्थिक स्थिति में भी सुधार आने की उम्मीद है।

# नामित सभासद मानव सचदेवा का स्वागत

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मानव सचदेवा को भारतीय जनता पार्टी बिजनौर द्वारा आवंटित शक्ति केंद्र कस्साबान पर बूथ संख्या 270 से 275 तक भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के कार्यक्रम के अवसर पर पहुंचे, जिसमें स्व. प. दीनदयाल उपाध्याय और स्व. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर भाजपा के इतिहास और पार्टी के 2026 तक के सफर के विषय में बताया गया, जिसमें गणमान्य व्यक्तियों के साथ शक्ति केंद्र संयोजक व बूथ अध्यक्षों ने भी पुष्पांजलि अर्पित कर अपने विचार रखे। उसके पश्चात वहां उपस्थित व्यक्तियों ने



भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगर पालिका बिजनौर में नामित सभासद मानव सचदेवा को पुष्पगुच्छ व पुष्पमाला से स्वागत किया गया। मानव सचदेवा ने सभी का आभार व्यक्त किया और निरन्तर अपना बूथ सबसे मजबूत बनाने के लिए आग्रह किया। कार्यक्रम में राजवीर सिंह, राजीव सोती, रजत दीक्षित, अमित चौधरी, संदीप पाठक, पंकज खन्ना, शोभित गौड़, प्रदीप कुमार, केडी भारद्वाज, कविता सैनी, रविकांत कौशिक, नरेंद्र कुमार शर्मा, शैलेन्द्र खन्ना आदि उपस्थित रहे।

# सत्य और सत्ता के संघर्ष में बाबूसिंह चौहान ने सदैव सत्य का साथ दिया

## 27वें स्मृति दिवस पर सैकड़ों लोगों ने क़लम के पुरोधा को श्रद्धासुमन अर्पित किये

### वक्ताओं ने कहा- वर्तमान परिप्रेक्ष्य में बाबूजी के आदर्शों पर चलने की आवश्यकता




कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अतिथिगण।

-वेदव्रत वेणु

**बिजनौर ( चिंगारी )। 'सत्य और सत्ता के बीच हमेशा टकराव रहा है। मिशनरी पत्रकारों ने सदैव सत्य का साथ दिया, और इस लड़ाई में हमेशा सत्य की ही विजय हुई है। बाबूसिंह चौहान ने अपनी कलम से सत्य, समानता और न्याय के लिये संघर्ष किया। इसीलिये इतिहास में उनका नाम अमर हो गया।'**




मंचासीन अतिथिगण।

मूर्धन्य पत्रकार, साहित्यकार और विचारक बाबूसिंह चौहान की 27वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्री रतनलाल जैन सभागार में आयोजित स्मृति समारोह में वक्ताओं ने उपरोक्त उद्‌गार व्यक्त करते हुए पत्रकारिता के पुरोधा को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम में बिजनौर टाइम्स समूह के संपादकों एवं अतिथि वक्ताओं ने चौहान साहब के विचारों, आदर्शों और मिशन को जीवित रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पत्रकारों से जनसरोकारों, किसानों, मजदूरों व कमजोर वर्गों के मुद्दों पर निर्भीकता के साथ कलम चलाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में सभी क्षेत्रों में कार्य करने वाले गणमान्य लोगों ने अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद चंदन चौहान

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद चंदन चौहान ने कहा कि बाबूसिंह चौहान की पुण्यतिथि आत्मचिंतन का अवसर है। मीडिया को समाज में सौहार्द, सुरक्षा और विकास के लिए पत्रकारिता करनी चाहिए। चौहान साहब की विरासत को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

पूर्व परिवहन मंत्री एवं एमएलसी अशोक कटारिया ने कहा कि चौहान साहब को बिजनौर जनपद की आन, बान, शान और स्वाभिमान बताते हुए कहा कि अपने विचारों और लेखन के माध्यम से वह आज भी जीवित हैं। उन्होंने कहा कि चौहान साहब ने विपरीत परिस्थितियों में भी निष्पक्ष पत्रकारिता की मिसाल कायम की। पत्रकारों को उनके जीवन चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए।

धामपुर विधायक अशोक राणा ने कहा कि बाबूसिंह चौहान ने स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया। किसानों के हकों के लिये संघर्ष किया। जनसरोकारों की पत्रकारिता के कारण उन्हें जेल भी जाना पड़ा। उनके आदर्श हमेशा समाज का मार्गदर्शन करते रहेंगे। युवा पत्रकारों को उनके बताये मार्ग पर चलने की आवश्यकता है।

नहटौर विधायक ओमकुमार ने बाबू सिंह चौहान को दबे-कुचले लोगों की आवाज बताते हुए कहा कि उनका जीवन अनुकरणीय है। दैनिक बिजनौर टाइम्स व सांध्य दैनिक चिंगारी आज भी उनके बताये मार्ग पर चलते हुए आम जनता की आवाज को बुलंद कर रहे हैं।

चांदपुर विधायक स्वामी ओमवेश ने कहा कि बाबू सिंह चौहान एक व्यक्ति नहीं, बल्कि विराट व्यक्तित्व थे। उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किये। उन्हें किसी का भय नहीं था, वे निर्भीक और निडर पत्रकार थे। उन्होंने किसानों के हकों के लिए संघर्ष किया। वे सच्चे राष्ट्रवादी थे। उनके आदर्शों पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धाजंलि होगी।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने अपने संबोधन में कहा कि 27वें स्मृति दिवस पर इतनी बड़ी उपस्थिति से पता चलता है कि बाबू सिंह चौहान ने अपनी वाणी और लेखनी से सभी वर्गों को टच किया होगा। बाबू सिंह चौहान को क्रांतिकारी पत्रकार बताते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि पत्रकारिता शासन-प्रशासन व जनता के बीच सेतू का काम करता है। उन्होंने तथ्यपरक व स्वच्छ पत्रकारिता करने पर जोर दिया। कहा कि पत्रकार उन्हें जिले के विकास के लिये सुझाव दें।

भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह बॉबी ने कहा कि बिजनौर टाइम्स व चिंगारी में जो खबर छपती है उस पर लोग विश्वास करते हैं। उन्होंने कहा कि चौहान साहब की पुण्यतिथि पर आत्ममंथन करना चाहिए कि आज की पत्रकारिता किस दिशा में जा रही है।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर अमित कुमार सिंह ने 'युद्ध की विभीषिका और बाबू सिंह चौहान के विचारों की प्रासंगिकता' विषय पर अपने सारगर्भित संबोधन में कहा कि दो देश दुनिया को युद्ध की आग में झोक रहे हैं। युद्ध से आम आदमी की जिंदगी प्रभावित हो रही है। हर कोई आहत है। ऐसे समय में बाबू सिंह चौहान के विचारों की बड़ी प्रासंगिकता है। चौहान साहब ने अपनी लेखनी से विश्व शांति और बंधुत्व का संदेश दिया। वे कमजोर लोगों की आवाज बने। उन्होंने कहा कि बाबू सिंह चौहान को समझने के लिये उनके साहित्य को पढ़ना होगा।

किसान नेता चौ. दिगम्बर सिंह ने कहा कि हम सब यहां एक आंदोलनकारी व क्रांतिकारी के विचारों को सींचने के लिए एकत्र हुए हैं। बाबू सिंह चौहान ने महलों में रहने वालों के लिये नहीं बल्कि झोपड़ी में रहने वालो के लिए पत्रकारिता की। उन्होंने कहा कि असहाय व दबे कुचले लोगों को इंसाफ दिलाने के लिए बिजनौर टाइम्स व चिंगारी जैसे समाचार पत्रों को आगे बढ़ाने की जरूरत है।

अपने संबोधन में धामपुर बायो आर्गेनिक प्रा.लि. के डायरेक्टर संदीप शर्मा ने कहा कि उन्हें बाबू सिंह चौहान का हमेशा मार्गदर्शन मिला। बाबू सिंह चौहान ने जहां समाज को नई दिशा दी, वहां परिजनों को भी अच्छे संस्कार दिये। उनके विचार व आदर्श उत्तम थे।




बाबूसिंह चौहान स्मृति विशेषांक का विमोचन करते हुए अतिथि।

सहकारी गन्ना विकास समिति धामपुर के चेयरमैन रामवीर सिंह ने कहा कि बाबू सिंह चौहान के साहित्य को पढ़ने व उनके विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है। उन्होंने आह्वान किया कि बाबू सिंह चौहान के विचारों को पढ़े और समझें।

कामरेड रामपाल सिंह ने कहा कि बाबू सिंह चौहान सच्चाई के साथ खड़े रहे। उन्होंने बुराई का सदा विरोध किया। दुष्वारियों व चुनौतियों का सामना किया, लेकिन अपने मिशन से नहीं डिगे। उन्होंने कहा कि सच्चा पत्रकार वही है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करे, लोगों के सामने यथा स्थिति रखे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका परिषद बिजनौर की चेयरपर्सन श्रीमती इंदिरा सिंह ने कहा कि जिले के विकास और साम्प्रदायिक सौहार्द में बिजनौर टाइम्स ग्रुप के दोनों समाचार पत्रों की अहम भूमिका है। उन्होंने आभार जताते हुए कहा कि दोनों समाचार-पत्र नगर पालिका परिषद के समाचारों को प्रमुखता से प्रकाशित करते हैं।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए सूर्यमणि रघुवंशी ने प्रिंट मीडिया खासकर छोटे मंझोले समाचार पत्रों के सामने आ रही चुनौतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम को भाजपा नेता डा. वीरबल सिंह, रालोद नेता डा. नीरज चौधरी, कारी हन्नान, पत्रकार डॉ. पंकज भारद्वाज, जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एसके बबली, शिक्षक नेता सुरेन्द्र मलिक, पूर्व ब्लॉक प्रमुख डा. धर्मवीर सिंह, पत्रकार शकील अहमद आदि ने भी सम्बोधित किया तथा बाबू सिंह चौहान के आदर्शों तथा जीवन पर प्रकाश डाला। अंत में बिजनौर टाइम्स ग्रुप के प्रधान सम्पादक चन्द्रमणि रघुवंशी ने सभी का आभार व्यक्त किया।



जिलाधिकारी जसजीत कौर का अभिनंदन करते हुए बि.टा. ग्रुप की महिलाएं।

## अतिथियों का स्वागत किया

**कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों का बिजनौर टाइम्स समूह की ओर से अक्षय रघुवंशी व शुभ रघुवंशी ने शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया, जबकि जिलाधिकारी जसजीत कौर व नगर पालिका परिषद बिजनौर की चेयरपर्सन श्रीमती इंदिरा सिंह का स्वागत श्रीमती विनीता रघुवंशी, प्रो. शशिप्रभा रघुवंशी, श्रीमती आदर्श रजावत, अनिता रघुवंशी, सुधा सिंह, मोनिका रघुवंशी, पीयूष राजपूत, सुमन चौधरी व संजू प्रधान आदि महिलाओं ने किया।**



कार्यक्रम में भाग लेते हुए गणमान्य नागरिक।

## उत्कृष्ट कार्यों के लिए तीन लोगों को किया सम्मानित



अशोक आर्य को सम्मानित करते हुए अतिथि।



विकास अग्रवाल सर्राफ को सम्मानित करते हुए अतिथि।

**कार्यक्रम में विशेष कार्यों के लिए तीन लोगों को सम्मानित किया गया। साम्प्रदायिक सौहार्द के लिए अशोक आर्य, नेत्रदान अभियान के लिए विकास अग्रवाल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही बिजनौर टाइम्स समूह में पिछले 51 वर्षों से समर्पित रूप से सेवा दे रहे आबिद भाई को सम्मानित किया गया।**



आबिद भाई का अभिनंदन करते हुए अतिथि।

## पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र सिंह पर कथित हमले के विरोध में गरजे कई संगठन

# गैंगस्टर लगाने की मांग को लेकर जिला मुख्यालय पर किया ज़ोरदार प्रदर्शन

### सख्त कार्रवाई और गैंगस्टर एक्ट लगाने की मांग

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला मुख्यालय पर भाजपा किसान संघ, राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन, अखिल भारतीय प्रधान संघ, विश्व हिंदू राष्ट्र सेना और राष्ट्रीय जाट महासभा भारत के बैनर तले संयुक्त रूप से ज़ोरदार प्रदर्शन किया गया। खालिद बंधु प्रकरण में भाजपा के पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र सिंह पर कथित हमले के विरोध में आयोजित इस प्रदर्शन में सैकड़ों लोगों की भीड़ उमड़ी।

प्रदर्शनकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित अलग-अलग ज्ञापन ज़िलधिकरी को दिये। ज्ञापन में कहा



गया है कि एक अप्रैल 2026 को राजा भारतेंद्र सिंह पर कथित माफियाओं द्वारा दुर्व्यवहार कर हमला किया गया, जो किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं । साथ ही कुछ राजनीतिक दलों पर अनर्गल टिप्पणी करने का आरोप भी लगाया गया।

संगठनों ने आरोप लगाया कि आरोपियों पर अवैध गतिविधियों जैसे जमीन कब्जा, अवैध खनन, अवैध शराब और अन्य आपराधिक मामलों के कई मुकदमे दर्ज हैं। ज्ञापनों में मांग की गई है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर एक्ट लगाया जाए। चेतावनी दी गई कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन तेज किया जाएगा। प्रदर्शनकरियो का नेतृत्व सभी संगठनों के नेताओं सचिन सरोहा, रोहन चौधरी, नरेश कुमार, सचिन कुमार मलिक, सोहनवीर सिंह, सौरभ त्यागी, सपन दास आदि ने किया।

# राशन की दुकान के निरीक्षण के दौरान 73 कुंतल के खाद्यान्न का स्टॉक 'निल' मिला

### राशन डीलर के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**नहटौर ( चिंगारी )।** राशन की दुकान मेहरपुर में निरीक्षण के दौरान 73 कुंतल के खाद्यान्न का स्टॉक शून्य मिला। कार्ड धारकों ने भी अंगूठा लगवाने के बाद राशन न देने की शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पूर्ति अधिकारी ने उचित दर विक्रेता के विरुद्ध वस्तु अधिनियम के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज कराई है। पूर्ति अधिकारी नहटौर विनीत कुमार के साथ जितेंद्र कुमार पूर्ति निरीक्षक स्योहारा व अंकित कुमार पूर्ति निरीक्षक अल्हैपुर ने 30 मार्च को मेहरपुर स्थित सागर सिंह की दुकान का निरीक्षण किया। बताया जाता है कि दुकान पर डीलर की पत्नी एवं पुत्र मिले। पूर्ति अधिकारी के अनुसार दुकान में चीनी, गेहूं, चावल का कोई खाद्यान्न नहीं रखा था, साथ ही स्टॉक रजिस्टर भी नहीं दिखाई दिया। ई पॉश मशीन के अनुसार दुकान में 29 कुंतल 65 किलो चावल, 43 कुंतल 72 किलो गेहूं और 3 किलो चीनी होनी चाहिए थी, लेकिन स्टॉक पूरी तरह से शून्य मिला। जांच में कार्ड धारकों के द्वारा मशीन पर अंगूठा लगवाने के बाद भी राशन न देने एवं राशन डीलर का व्यवहार उचित न होने की भी शिकायतें दर्ज कराई गई। पूर्ति अधिकारी विनीत कुमार ने बताया कि राशन डीलर द्वारा सरकारी राशन की काला बाजारी कर अवैध रूप से मुनाफाखोरी की गई है। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पूर्ति अधिकारी की शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# गुरु तेग बहादुर जी का पावन प्रकाश पर्व मनाया

### गुरु ग्रंथ साहेब के अखंड पाठ को दिलाई संपूर्णता

**धामपुर ( चिंगारी )।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में हिन्द की चादर नवम गुरु तेग बहादुर जी महाराज का पावन प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पंजाब के सोहना साहिब से पधारे गुरुवाणी प्रचारक ज्ञानी हरविंदर सिंह खालसा ने गुरुओं के उपदेशों और गुरबाणी के संदेशों को आत्मसात करने का संकल्प दिलाया। गुरु महाराज के वजीर ज्ञानी रघुवीर सिंह ने गुरु वाणी कीर्तन की प्रस्तुतियों से संगत को निहाल किया। कार्यक्रम का शुभारंभ समूची संगत की ओर से चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के तीन दिवसीय अखंड पाठ को पूर्णता दिलाते हुए किया गया।

पंजाब से पधारे गुरबाणी प्रचारक ज्ञानी हरविंदर सिंह खालसा ने कहा कि नवम गुरु तेग बहादुर जी महाराज द्वारा देश एवं धर्म के साथ ही कश्मीरी पंडितों को मुगलों के अत्याचारों से मुक्ति दिलाने संबंधी उपकारों को कभी भुलाया नहीं जा सकता।



गुरुद्वारा की प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट, सचिव सरदार गुरुचरण सिंह चावला ने भी गुरु तेग बहादुर जी महाराज के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आगामी 14 अप्रैल को खालसा पंथ साजना दिवस के रूप में गुरु घर में आयोजित होने वाले बैसाखी पर्व के संबंध में 8 अप्रैल से श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के अखंड पाठ की श्रृंखला प्रारंभ हो जाएगी जिसके अंतर्गत 10 तथा 12 अप्रैल को भी गुरमुख परिवारों की ओर से अखंड पाठ आयोजित किए जाएंगे।

# दुकानों का किराया बढ़ाकर हो रहा उत्पीड़न विरोध में व्यापारी 15 को करेंगे प्रदर्शन

**धामपुर ( चिंगारी )।** सोमवार की शाम मंडी मारकम गंज में व्यापारियों की हुई बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नगर पालिका परिषद द्वारा व्यापारियों की दुकानों का मनमाने तरीके से किराया बढ़ाए जाने के विरोध में 15 अप्रैल, बुधवार को व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखकर नगर पालिका परिषद कार्यालय पर प्रदर्शन कर धरना दिया जाएगा।

बैठक में मौजूद व्यापारियों ने बताया कि वह नगर पालिका परिषद की दुकानों पर काफी वर्षों से किरायेदार है और उन पर अपना कारोबार करके परिवार की गुजर बसर कर रहे हैं। परंतु नगर पालिका परिषद द्वारा किरायेदारों की दुकानों का मनमाने तरीके से किराया बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में कई बार नगर पालिका परिषद प्रशासन से वार्ता की जा चुकी है परंतु पालिका स्टाफ व्यापारियों का शोषण और उत्पीड़न करने से बाज नहीं आ रहा। उन्होंने कहा कि पालिका प्रशासन की मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी चाहे, इसके विरोध में व्यापारियों को सड़कों पर उतरना पड़े। बैठक में अनिल कुमार, राजीव कुमार, मोहम्मद वाजिद सैफी, वसी अहमद, राजू सिंह, सौरभ, त्रिलोक चंद, संजीव भाटिया, सुखलाल सिंह, हरीराज सिंह, प्रमोद राजपूत, पंकज कुमार, रोहतास कुमार, दिनेश चौधरी, पराग अग्रवाल, साजिद सैफी, नजीब उर रहमान, अंजुम, डंपी, अनिल ग्रोवर, तेजवीर सिंह, लाल बहादुर सिंह, संजय कात्यायन एडवोकेट, संजय अग्रवाल आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

# यूपी पीसीएस परीक्षा पास करने वाले फ़रजंद अली को सम्मानित किया




**धामपुर ( चिंगारी )।** एम.के.डी. चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को यूपी पीसीएस परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यालय के छात्र फरजंद अली को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर डायरेक्टर डॉ. लाल बहादुर रावल, विद्यालय की मैनेजर डॉ. रश्मि रावल ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने फरजंद अली को माला पहनाकर, शाल ओढ़ाकर और उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रविंद्र सिंह ने कहा कि सफलता एक दिन में नहीं मिलती लेकिन निरंतर प्रयास करने वाले वालों को एक दिन जरूर मिलती है। उन्होंने कहा कि उनके विद्यालय के अनेक छात्र-छात्राएं आज इंजीनियर, डॉक्टर, अकाउंटेंट, एयर फोर्स, नेवी और निजी क्षेत्र में उच्च पदों पर कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर फरजंद अली ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि अगर वह यह सफलता हासिल कर सकता है तो कोई भी छात्र मेहनत और निरंतर प्रयास के बल पर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है।

# फाइनल में भनेड़ा की टीम विजेता, मंडावली की टीम उपविजेता रही

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )**। मंडावली क्रिकेट क्लब की ओर से क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद की कई टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट में भनेड़ा व मंडावली की टीम फाइनल मैच में पहुंची। रविवार को दोनों टीमों के बीच मुकाबला हुआ। पहले मंडावली की टीम ने खेलते हुए 10 ओवर में 90 रन बनाए। जवाबी बल्लेबाजी में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए भनेड़ा की टीम ने मात्र 7 ओवर में 90 रनों का टारगेट पूरा कर ट्रॉफी पर कब्जा कर फाइनल मैच जीत लिया। दर्शकों ने मैच देख खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। मुख्य अतिथि आसपा के वार्ड 2 से संभावित जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी वाजिद मकरानी व ग्राम प्रधान प्रत्याशी मुजाहिद अली मकरानी ने संयुक्त रूप से विजेता टीम भनेड़ा के कप्तान नावेद अहमद, उपविजेता टीम मंडावली के कप्तान प्रिंस चौहान को ट्रॉफी देकर सम्मानित कर शुभकामनाएं दीं। मैन ऑफ दा मैच इसरार व मैन ऑफ दा सीरीज शादाब अहमद चुने गए। दोनों टीमों के सभी खिलाड़ियों को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर शमशाद आरजू, डॉक्टर मुजाहिद हुसैन, नाजिम मकरानी, जैनुल मकरानी, मोहम्मद इकबाल, इसरार, उमर, मुजाहिद, अफजाल जैदी, बुंदु मकरानी, नसीम अहमद आदि मौजूद रहे।





# ईस्टर पर्व पर चर्च में भक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। नगर के मौहल्ला संतोमालन स्थित मैथोडिस्ट चर्च में ईस्टर पर्व पर भक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रार्थना करते हुए ईश्वर को याद किया गया। चर्च के पादरी हिमांशु व आशीष ने समाज के लोगों को मिल-जुलकर आपसी भाईचारे के साथ रहने की सलाह दी। देश, समाज व सभी वर्गों के उत्थान के लिए दुआ की गई। कार्यक्रम में माया प्रसाद, राकेश प्रसाद, रैमी प्रसाद, लीना सिंह, सुधा रानी, पूनम सिंह, रितिका सिंह, रेनू सिंह, रीति सिंह, आरव, अरू, रजनीश सिंह, मीनू सिंह, मनोज बल्लभ, नीतू बल्लभ, अर्चना सिंह, विक्रांत सिंह, अनामिका, रॉकी प्रसाद, रोहन, रवि आदि मौजूद रहे।

# मंडावली में सडक पर लाश मिलने से सनसनी

**बिजनौर ( चिंगारी )। बेगावाला चौकी क्षेत्र के ग्राम मंडावली में रावली रोड पर एक व्यक्ति का रक्तरंजित शव पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। लाश को देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान ग्राम टिक्कोपुर निवासी मुकेश ( 45 वर्ष ) के रूप में हुई है। बेगावाला पुलिस चौकी के प्रभारी जितेंद्र गौतम ने बताया कि प्रथम दृष्टया रोड एक्सीडेंट से मौत होना प्रतीत होता है। बताया जा रहा है कि मृतक मुकेश के साथ बाइक से एक अन्य युवक और था, जो घायल हुआ है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।**

# बिजनौर में रालोद की समीक्षा बैठक में हुआ 2027 चुनाव की रणनीति पर मंथन




**बिजनौर ( चिंगारी )**। राष्ट्रीय लोकदल के जिला कार्यालय पर आयोजित समीक्षा बैठक में संगठन को मजबूत बनाने और आगामी 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर व्यापक चर्चा की गई। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों ने संगठन की वर्तमान स्थिति और कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा करते हुए विस्तार की रणनीति पर जोर दिया। बैठक में पूर्व विधायक राव अब्दुल वारिस मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि उत्तर प्रदेश के संगठन महासचिव राजीव चौधरी और रुहेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष चौधरी रामवीर सिंह विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओमपाल कश्यप ने की तथा संचालन संजीव चौधरी ने किया। बैठक के दौरान सभी जाति, वर्ग और समाज के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में पार्टी से जोड़ने का आह्वान किया गया। इस दौरान सैकड़ों महिला एवं पुरुषों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, जिनका मुख्य अतिथियों द्वारा पटका पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करें। मुख्य अतिथि राव अब्दुल वारिस और संगठन महासचिव राजीव चौधरी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह और चौधरी अजीत सिंह द्वारा किसानों के हित में किए गए कार्यों को गांव-गांव तक पहुंचाना सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने चौधरी चरण सिंह को किसानों का मसीहा बताते हुए उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। बैठक में पूर्व सांसद मुंशी रामपाल, प्रदेश महासचिव नागेंद्र पंवार और अशोक चौधरी, पूर्व प्रत्याशी डॉ. नीरज चौधरी, धामपुर चेयरमैन रवि चौधरी, प्रदेश सचिव अली अदनान सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने, अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने और किसानों व आमजन के मुद्दों को मजबूती से उठाने का संकल्प लिया गया।

**संगठन विस्तार पर जोर, सैकड़ों लोगों ने ली सदस्यता; बूथ स्तर तक मजबूती के निर्देश**

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
रामपुर वृत्त, लो0नि0वि0 रामपुर
ई प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

पत्रांक :—1882/ई—निविदा—रा0वृत्त/26—27 दिनांक : 20.03.2026

1:— महामहिम, राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, रामपुर वृत्त, लो0नि0वि0 रामपुर द्वारा आईटम दर प्रतिशत पर निम्नलिखित कार्यं हेतु ऑनलाइन निविदायें वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से आथराइज्ड रजिस्टर्ड निविदादाताओं से दिनांक 09.04.2026 प्रातः 10.00 बजे से 15.04.2026 अपरान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की प्री—क्वालिफिकेशन/टैक्नीकल बिड दिनांक 15.04.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष मे उपस्थित/अधिकृत रजिस्टर्ड फर्म के प्रतिनिधियों के समक्ष गठित समिति के सदस्यों द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालिफाई पाये गये ठेकेदारों की फाईनेंशियल बिड खोले जाने के दिनांक व समय हेतु पृथक से सूचना इस कार्यालय द्वारा जारी की जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में प्री—क्वालिफिकेशन/टैक्नीकल बिड उसी क्रम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

2:—कार्यो का विवरण निम्नवत् है:—

| क्र सं. | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत 5 वर्षीय अनुरक्षण लागत सहित (रू0 लाख में) जी0एस0टी0 अतिरिक्त | धरोहर धन राशि (रू0 लाख में) (As per SBD 2%) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा काल सहित) | निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी व जी0एस0 टी0 सहित (रू0 में) | ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी | कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता | संबंधित अधीक्षण अभियन्ता का पता | संबंधित मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | बिजनौर | पानीपत खटीमा मार्ग (राज्य मार्ग सं0—12) के किमी0—126(100) से 134(250) का पेव्ड शोल्डर चौड़ीकरण एवं सुद्दढ़ीकरण का कार्य (लम्बाई 7.35 किमी0)। | 1323.00 | 26.46 | 12माह (वर्षाकाल सहित) | 2354.00 (ऑनलाइन भुगतान केवल नेट बैकिंग द्वारा ही मान्य) | ए, मार्ग श्रेणी | प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 बिजनौर | रामपुर वृत्त लो0नि0वि0 रामपुर | मुरादाबाद क्षेत्र, लो0नि0वि0 मुरादाबाद |

➢ सभी कार्य पूर्णता के उपरान्त 5 वर्ष अनुरक्षण अवधि सहित।
➢ बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें सभी करो को जोड़ते हुये तथा जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
➢ धरोहर धनराशि एवं निविदा शुल्क टेबिल के कॉलम 5 व 7 के अनुसार ऑन लाईन बैंकिंग द्वारा जमा करनी होगी।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्ते http//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। शासनादेश संख्या 14/2020/879/तेईस—7—2020—176(सा0)/06 लोक निर्माण अनुभाग—7 दिनांक 25.08.2020, शासनादेश संख्या 879(1)/तेईस—7—2020—176(सा0)/06 लोक निर्माण अनुभाग—7 दिनांक 25.08.2020 एवं प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष के पत्रांक 417/13रो0ए0मै0खं0/20 दिनांक 28.08.2020 के अनुरूप निविदादाता को प्रहरी यू0आर0एल0 http//wms.uppwd.gov.in/prahariपर लॉग इन कर आवश्यक अभिलेख अपलोड करने होंगे।

R.O.No. 249263 Date: 06-04-2026
UPID.www.upgov.nic.in

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बिजनौर
Ph. 01342 – 262776
Email – pdbijnor@gmail.com

अधीक्षण अभियन्ता
रामपुर वृत्त, लो0नि0वि0, रामपुर
Ph. 0595 – 2351163
Email – pwdrampur@gmail.com

# हाईकोर्ट ने रैयान को किया बरी, फांसी की सजा टली

**स्योहारा ( चिंगारी )। हाईकोर्ट ने तंजील अहमद हत्याकांड में सुनवाई के दौरान रैयान को दी गयी निचली अदालत द्वारा फांसी की सजा को खारिज करते हुए बरी कर दिया।**

02 अप्रेल 2016 में स्योहारा क्षेत्र में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के डीएसपी मोहम्मद तंजील अहमद और उनकी पत्नी फरजाना की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना उस वक्त हुई जब दंपत्ति एक शादी समारोह से देर रात लौट रहे थे। बाइक सवार हमलावरों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग की, जिसमें डीएसपी तंजील अहमद की मौके पर व उनकी पत्नी फरजाना की उपचार के दौरान अगले दिन मौत हो गई थी। इस मामले में तंजील अहमद के भाई मोहम्मद रागिब ने स्योहारा थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। जांच के बाद निचली अदालत ने मुनीर और रैयान को दोषी ठहराते हुए फांसी की सजा सुनाई थी, जबकि अन्य आरोपियों तंजीम, जैनी व रिजवान को बरी कर दिया गया था। फैसले के खिलाफ मुनीर और रैयान



फाइल फोटो रैयान।

के परिजनों ने हाईकोर्ट में अपील दायर की थी। अपील लंबित रहने के दौरान 19 नवंबर 2022 को वाराणसी के सर सुंदरलाल अस्पताल में मुनीर की संक्रमण के कारण मौत हो गई, जिसके चलते उसकी अपील समाप्त हो गई। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने दलील दी कि अभियोजन पक्ष आरोपों को संदेह से परे साबित करने में विफल रहा है। न्यायालय ने इस तर्क को स्वीकार करते हुए पाया कि गवाहों के बयान अस्पष्ट और संदिग्ध हैं, जिससे अभियोजन का पूरा मामला कमजोर पड़ता है। न्यायमूर्ति ने अपने 31 मार्च 2026 के फैसले में कहा कि निचली अदालत ने मृत्युदंड देने में गंभीर त्रुटि की है। इसी आधार पर रैयान को सभी आरोपों से बरी करते हुए तत्काल रिहा करने का आदेश दिया गया, बशर्ते वह किसी अन्य मामले में वांछित न हो। रैयान के पिता सादात हुसैन ने फैसले पर संतोष जताते हुए कहा कि आखिरकार उनके बेटे के साथ इंसाफ हुआ है। उन्होंने इसे धैर्य और विश्वास की जीत बताया।

## सुप्रीम कोर्ट जाएंगे रागिब मसूद

*स्योहारा ( चिंगारी )। डीएसपी तंजील अहमद हत्याकांड के मुख्य चश्मदीद गवाह और पैरवी कर रहे उनके भाई रागिब मसूद ने उच्च न्यायालय के फैसले पर असहमति जताई है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय के खिलाफ वे सुप्रीम कोर्ट में अपील करेंगे। रागिब मसूद के अनुसार, घटना के समय तंजील अहमद की पुत्री जीमनीश अपने माता-पिता और छोटे भाई शहबाज के साथ उसी कार में मौजूद थी, जबकि उनकी गाड़ी पीछे चल रही थी। उन्होंने बताया कि उनकी और जीमनीश की गवाही के आधार पर ही आरोपियों मुनीर और रैयान को फांसी की सजा सुनाई गई थी। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट का फैसला उनकी समझ से परे है और उन्हें न्याय व्यवस्था पर पूरा भरोसा है। रागिब ने स्पष्ट किया कि वे सुप्रीम कोर्ट में अपील कर न्याय के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेंगे।*

## बेटी के घर जा रही वृद्ध महिला की ट्रेन की चपेट में आकर मौत

किरतपुर ( चिंगारी )। अपनी बेटी के घर जा रही वृद्ध महिला की कल एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। यह हादसा स्वाहेड़ी हाल्ट स्टेशन के पास हुआ। वृद्धा अपनी बेटी के घर जाने के लिए पैसेंजर ट्रेन का इंतजार कर रही थी। हादसे के बाद ट्रेन करीब 10 मिनट तक रुकी रही। रेलवे स्टेशन को सूचना देने के बाद दिल्ली के लिए रवाना हुई। थाना क्षेत्र के गांव चतर भोजपुर कुशल निवासी 75 वर्षीय सुमित्रा पत्नी बाबूराम अपनी पुत्री के घर गांव रामनगर जा रही थी। वृद्धा को स्वाहेड़ी हाल्ट से बैठकर मौज्जमपुर नारायण रेलवे स्टेशन पर उतरना था। वह कल शाम 5 बजे स्वाहेड़ी हाल्ट पर गजरौला से चलकर नजीबाबाद जाने वाली पैसेंजर ट्रेन का इंतजार कर रही थी। वृद्ध को कम सुनाई देता था। वृद्धा रेलवे लाइन पर बैठकर पैसेंजर ट्रेन का इंतजार कर रही थी। इस दौरान कोटद्वार-दिल्ली के बीच चलने वाली सिद्धबली जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन आ गई। वृद्धा ट्रेन की चपेट में आ गई। जिससे उसके शरीर के टुकड़े-टुकड़े होकर रेलवे लाइन और आसपास बिखर गये। हादसे के बाद घटना स्थल पर काफी लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना पर जीआरपी और स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## दहीरपुर के अटैची चोरों ने लखनऊ में ज्वैलरी उड़ाई, एक हुआ गिरफ्तार

नांगल सोती ( चिंगारी )। लखनऊ पुलिस नांगल थाना क्षेत्र से एक शातिर अटैची चोर को पकड़कर अपने साथ ले गई, जबकि अन्य वांछित घरों से फरार हो गये। इन सभी लोगों ने लखनऊ के चारबाग मेट्रो स्टेशन के पास एक महिला के बैग से ज्वैलरी पर हाथ साफ किया था। लखनऊ वेस्ट के नाका हिंडोला थाने की पुलिस उपनिरीक्षक अवधेश कुमार यादव के नेतृत्व में सोमवार को नांगल थाने पहुंची और स्थानीय पुलिस के साथ ग्राम दहीरपुर में दबिश दी। पुलिस के हाथ एक वांछित शातिर अटैची चोर तो लग गया, जबकि दो फरार हो गये। तीनों नांगल थाने के हिस्ट्रीशीटर अपराधी हैं। हालांकि घटना में अन्य लोगों की संलिप्तता भी बताई जा रही है। सोमवार की शाम लखनऊ पुलिस पकड़े गये वांछित को अपने साथ ले गई। जानकारी के अनुसार नांगल थानांतर्गत ग्राम दहीरपुर निवासी कुछ व्यक्तियों ने विगत 30 मार्च को लखनऊ के नाका हिंडोला थाना क्षेत्र में आभूषणों पर हाथ साफ करने की घटना को अंजाम दिया था। बताया जाता है कि महिला नीतू तिवारी पत्नी शैलेश तिवारी निवासी बड़ी जुगौली, चारबाग मेट्रो स्टेशन के पास से ऑटो रिक्शा में बैठी थी। महिला के बैग में आभूषण थे, जो शातिर अटैची चोरों ने साफ कर दिये थे। 31 मार्च को पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। घटना से दहीरपुर गांव में हड़कंप मचा हुआ है।

## कल बंद होगी मिल, अंतिम नोटिस जारी

नांगल सोती ( चिंगारी )। उत्तम शुगर मिल्स बरकातपुर प्रशासन ने मिल बंदी का तृतीय एवं अंतिम नोटिस 8 अप्रैल यानी कल के लिये जारी कर दिया है। 8 अप्रैल को मिल बंद हो जाने की प्रबल संभावना है। मिल के संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह राठौर तथा महाप्रबंधक (गन्ना) विकास पुंडीर ने बताया कि बेसिक कोटे, अतिरिक्त सट्टे एवं खड़े गन्ने की समस्त पर्चियां जारी करने तथा खुली खरीद करने के उपरान्त मिल के सभी 90 गन्ना क्रय केन्द्रों को बंद कर दिया गया है। मिल गेट पर भी 4 अप्रैल से खुली गन्ना खरीद चल रही है। मिल को पेराई क्षमता के सापेक्ष काफी कम गन्ना प्राप्त हो रहा है। मिल को 8 अप्रैल को बंद करने के लिये तृतीय एवं अंतिम नोटिस जारी कर दिया गया है। प्रबल संभावना जताई जा रही है कि 8 अप्रैल यानी कल को रात्रि में मिल बंद हो जायेगी।

# प.उ.प्र. उद्योग व्यापार मंडल ने सम्मानित किये पुलिस अधिकारी

### सतवंत सलूजा को प्रदेश प्रभारी मनोनीत किया

**धामपुर ( चिंगारी )। बीती देर शाम स्टेशन रोड स्थित एक सभागार में पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ( धामपुर ) द्वारा व्यापारी सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल, एएसपी पूर्वी अमित किशोर श्रीवास्तव, पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे, कोतवाली प्रभारी मृदुल कुमार, प्रदेश महामंत्री (महिला विंग) मोनिका रुस्तम यादव, प्रदेश कोषाध्यक्ष अलीशा हुसैन सिद्दीकी, प्रदेश प्रभारी युवा तस्लीम इदरीसी, जिला अध्यक्ष विनीत राजपूत, ज़िला अध्यक्ष महिला मोर्चा जगमीत कौर, मंडल प्रभारी/अध्यक्ष जावेद रहमान शम्सी, नगर अध्यक्ष शेरकोट अंसार अहमद, ऐश्वर्या चौधरी, प्रशांत गुप्ता, अतुल गुप्ता, सुगम जैन, शिवेंद्र अग्रवाल, सुगम जैन, रुस्तम यादव, दिनेशचंद्र नवीन, नवीन गुप्ता, शकाफ़्त एस भारती मचासीन रहे। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल द्वारा प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार सतवंत सिंह सलूजा को प्रदेश प्रभारी



मंचासीन अतिथियों को सम्मानित करते हुये नगर अध्यक्ष एसपी सलूजा।

बनाए जाने की घोषणा की गई। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए सरदार सतवंत सिंह सलूजा ने प्रदेश अध्यक्ष रवि प्रकाश अग्रवाल एवं प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त किया और विश्वास दिलाया कि वह ऐसे ही व्यापारियों के हक की लड़ाई लड़ते रहेंगे ओर संगठन को ओर मजबूत करने का काम करते रहेंगे। पुलिस प्रशासन द्वारा नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने ओर बीते त्यौहारों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए एएसपी पूर्वी अमित किशोर श्रीवास्तव, पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे, कोतवाल मृदुल कुमार को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसी के साथ अपने गानों से ज़िले का नाम रोशन कर अपनी एक अलग पहचान बनाने वाले गुलफाम बिजनौरी को भी स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नये जुड़े व्यापारियों को मनोनयन पत्र व पहचान पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन इरशाद धामपुरी ने किया।

## इनका सहयोग रहा

*कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर अध्यक्ष धामपुर एस.पी. सलूजा, असलम फरीदी, मुनीश गर्ग, सुहैल डिज़ाइनर, सलमान फरीदी, अमित गुप्ता, मोहम्मद आसिफ, श्यान शम्सी, सुलेमान इदरीसी, हाजी हसन खान, रवींद्र सिंह सिडाना, साजिद खान, मोहम्मद नदीम, अजीत चावला, मुकेश सैनी, शोएब मैक्स, अशोक दुआ, रमेश अग्रवाल, महेश मल्होत्रा, नासिर लिबर्टी, अख्तर मुल्तानी, रियासत मालिक, मोहम्मद शाकिर, मोहम्मद हसन, आसिफ मालिक आदि का योगदान रहा।*

# बाइक चोरी का आरोपी गिरफ्तार

## दो बाल अपचारी भी हिरासत में



**नूरपुर ( चिंगारी )। स्थानीय पुलिस ने एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया तथा दो बाल अपचारियों को भी हिरासत में लिया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर बाइक के पार्ट्स बरामद किये हैं।**

थाना क्षेत्र शिवाला कलां के गांव लोदीपुर मिलक निवासी गोपाल सिंह गत 2 अप्रैल को बाइक द्वारा क्षेत्र के गांव गौहावर में मेला देखने गया था, जहां उसकी बाइक चोरी हो गई थी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घटना से सम्बंधित बाइक चोरी के एक आरोपी अंकित निवासी ग्राम अदलपुर समधू थानक्षेत्र नौगांवा सादात जनपद अमरोहा को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने घटना में लिप्त दो बाल अपचारियों को भी हिरासत में लिया। पुलिस को पूछताछ में बताया कि उन्होंने मेले से बाइक चोरी कर उसके पार्ट्स अलग अलग कर दिए थे। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर बाइक के पार्ट्स बरामद कर लिए है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में दौलतपुर चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक अमूल मिश्रा व पुलिसकर्मी गौरव कुमार, आकाश व विकास मौजूद रहे।

# वर्ल्ड हेल्थ डे पर पुलकित हास्पिटल में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** आज वर्ल्ड हेल्थ डे के मौके पर बैराज रोड बिजनौर स्थित पुलकित मेमोरियल हॉस्पिटल में चेयरमैन डा. हरीश कुमार मित्तल के निर्देशन में नि:शुल्क स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें 300 से अधिक मरीजों को नि:शुल्क परामर्श, स्वास्थ्य सम्बंधी जांच एवं दवा वितरण किया गाया। शिविर में डा. हरीश कुमार शर्मा, डा. दिग्विजय (मेडिकल सुप्रिटेंडेंट), डा. मोहित शर्मा (जनरल फिजीशियन), डा. साक्षी चौहान (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डा. कामिल (नेत्र रोग विभाग), डा. इकबाल (दंत रोग विभाग), डा. दिनकर राणा (हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ) ने मरीजों का परीक्षण किया। हॉस्पिटल के मैनेजर एवं समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

# एजुकेशन ट्री की नगीना ब्रांच में पहुंचा विदेशी डेलिगेशन

**नगीना ( चिंगारी )।** देश-विदेश में भारतीय छात्र-छात्राओं को प्रोफेशनल कोर्स, मेडिकल कोर्सेज एवं इंजीनियरिंग कोर्सेज में प्रवेश दिलाने वाली एडुकेशन ट्री की नगीना शाखा में हाल ही में विदेश से एक डेलिगेशन का आगमन हुआ। इस डेलिगेशन ने ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से भारतीय छात्र-छात्राओं को उनके बेहतर भविष्य के लिए साउथ एशिया, साउथ अफ्रीका, यूरोप एवं यूके जैसे देशों में मेडिकल एवं प्रोफेशनल कोर्सेज में एडमिशन लेने की प्रक्रिया तथा कौन-सा कोर्स उनके लिए अधिक उपयुक्त रहेगा, इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर एडुकेशन ट्री के डायरेक्टर शादाब सुल्तान राईन, पूर्व जिला पंचायत सदस्य नीलम पारस, शेख जावेद, शेख शादाब, शारिक सुल्तान एवं रशीद उस्मानी उपस्थित रहे। एडुकेशन ट्री के स्टाफ में वरिष्ठ काउंसलर इल्मा अंजुम, ज़ीनत सिद्दीकी, सना मंसूरी, प्रियांशी सिंह, इकरा अंजुम, जोया खान, अरीब राइन, अमान राइन, अदनान मलिक, अदनान कुरैशी, शनावर सिद्दीकी, डिबू मल्होत्रा आदि भी मौजूद रहे।

# चोरी की दो घटनाओं का खुलासा, एक आरोपी सामान सहित थमा

**नूरपुर ( चिंगारी )।** पुलिस ने करीब तीन माह बाद चोरी की दो घटनाओं का खुलासा करते हुए एक अभियुक्त को चोरी किये गये सामान सहित गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया है।



पुलिस के अनुसार गत 25 दिसम्बर को थाना क्षेत्र के गांव नंगली जाजू निवासी कुलदीप पुत्र घासीराम व विजय सिंह पुत्र नन्हे सिंह ने उसके घर से चांदी के आभूषण व मोबाईल चोरी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस की विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान उपरोक्त दोनों अभियोगों में अभियुक्त सुनील पुत्र रामलाल निवासी मोहल्ला पंचमुखी थाना कोतवाली नगर जनपद मुजफ्फरनगर का नाम प्रकाश में आया था जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया था। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सोमवार को चोरी की घटना के आरोपी सुनील को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सुनील के पास से चोरी की गयी एक जोडी पायल (सफेद धातु) व एक मोबाइल बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है।

# लाम्बा कॉन्वेंट स्कूल के मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** छात्र-छात्राओं की साल भर की मेहनत के बाद वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित होने पर लाम्बा कान्वेंट स्कूल पेबंदखेड़ी (अफजलगढ़) में स्कूल परिवार की ओर से मेधावी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। स्कूल की प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त मेधावी विद्यार्थियों सहित नर्सरी से यूकेजी तक की कक्षाओं में टॉपर छात्रा कु. दृष्टि, प्राइमरी कक्षाओं में टॉपर छात्र मानव कुमार व जूनियर कक्षाओं में टॉपर छात्रा शहजदीप कौर का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। शिक्षिका स्वाति चौधरी के संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए स्कूल के प्रबंधक जितेंद्र सिंह लांबा ने कहा कि बच्चे शिक्षा प्राप्त करने में कड़ी मेहनत कर अपने भविष्य को उज्जवल बनाएं और कामयाब जिंदगी का प्रयत्न करें। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अमित कुमार, प्रबंधक पुत्र विश्वजीत लाम्बा, व्यायाम शिक्षिका नीलम चौधरी, संजना, तनु, रीना, आशा, नौमान खान, मजहर खान, शाकिर अहमद, अंकित कुमार आदि शिक्षक/शिक्षिकाएं एवं अन्य स्कूल स्टाफ के लोग मौजूद रहे।

# मीनाक्षी फिजियोथैरेपी सेंटर पर नि:शुल्क चिकित्सा शिविर, 100 मरीज लाभान्वित

**स्योहारा ( चिंगारी )।** रविवार को स्योहारा स्थित मीनाक्षी फिजियोथैरेपी सेंटर पर एक निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ समाजसेवी डॉ. मनोज कुमार वर्मा ने फीता काटकर किया। कैंप में सेंटर के संचालक डॉ. सौरभ कुमार वर्मा के साथ मुरादाबाद से आए विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. नितिन चौधरी और डॉ. सोनाली चौधरी ने मरीजों का निशुल्क परीक्षण किया। इस दौरान लगभग 100 मरीजों ने कैंप का लाभ उठाया। मरीजों को घुटनों के दर्द, कमर दर्द, सर्वाइकल



स्पॉन्डिलाइटिस सहित अन्य दर्द संबंधी समस्याओं की आधुनिक मशीनों द्वारा जांच कर उचित उपचार दिया गया। डॉ. सौरभ कुमार वर्मा ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के निशुल्क कैंप आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि अधिक से अधिक मरीजों को लाभ मिल सके। वहीं समाजसेवी डॉ. मनोज कुमार वर्मा ने भी कहा कि स्योहारा में इस तरह के कैंप लगातार लगने चाहिए, जिससे जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

# भाजपा का स्थापना दिवस मनाया

**नूरपुर ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी नूरपुर मंडल के कार्यकर्ताओ ने भारतीय जनता पार्टी का 47 वां स्थापना दिवस मनाया। सोमवार को कस्बे के मोहल्ला रविदास नगर के शक्तिकेंद्र के बूथ 258 व मौहल्ला चौधरियान में चौधरी ईशमपाल सिंह के आवास पर सभी कार्यकर्ता एकत्र हुए। सभी कार्यकर्ताओ ने पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। भाजपा मंडल अध्यक्ष निशान्त कर्णवाल ने कहा कि समर्पण, सेवा और राष्ट्र प्रथम की भावना से प्रेरित भाजपा निरंतर देशवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करने का सशक्त माध्यम बनी है। आज करोड़ों कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पार्टी निरंतर भारत के विकास और वैश्विक प्रतिष्ठा को नई



भाजपा का स्थापना दिवस मनाते भाजपाई।

ऊंचाइयों तक ले जा रही है। इस अवसर पर मंडल महामंत्री वीर प्रकाश सिंह भुइयार,सुधीर चौहान, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार राणा, प्रेमपाल रवि, जीतू भुइयार, गुरविंदर सिंह, मंडल मंत्री राहुल यादव, सतीश कुमार,सुरेंद्र पाल, राजेश चौहान, मीडिया प्रभारी बिजेंद्र सिंह, शक्तिकेंद्र संयोजक अमित चौधरी,ईशमपाल चौधरी, विवेक चौधरी, गंगाराम सिंह, लवी चौधरी आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## तालिब बंधुओं की मुश्किलें और बढ़ीं

# सील तोड़कर चलाई जा रही मशीन के मामले में मालिक सहित कई पर एफआईआर दर्ज

बिजनौर (चिंगारी)। शासकीय आदेशों की अवहेलना करते हुए सील की गई आरा मशीन के अवैध संचालन के मामले में प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। जिलाधिकारी के अनुसार प्राप्त सूचना के आधार पर कराई गई जांच में जानी चौराहा क्षेत्र स्थित एक आरा मशीन, जिसे पूर्व में वन विभाग द्वारा विधिवत सील किया गया था, को क्षतिग्रस्त कर दोबारा संचालित किया जा रहा था। जांच में यह तथ्य सामने आया कि आरा मशीन की स्वामी हुमा तालिब, उनके पति तथा परिवार के अन्य सदस्य मो. खालिद, मो. आबिद और मो. तालिब द्वारा जानबूझकर सील तोड़कर मशीन चलाई जा रही थी। साथ ही मशीन का नवीनीकरण भी नहीं कराया गया था और सक्षम प्राधिकारी के स्पष्ट निर्देशों का उल्लंघन किया गया। अधिकारियों के आदेशों की अनदेखी करने पर संबंधित सभी के खिलाफ उत्तर प्रदेश आरामिल स्थापना विनियमन (षष्ठम संशोधन)-2018 के नियम 5/8 के तहत विधिक कार्रवाई की गई है। थाना कोतवाली शहर, बिजनौर में इस मामले में 4 अप्रैल को एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 की धाराएं 223, 329(4) और 346 के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। इसके अतिरिक्त, सील्ड आरा मशीन के संचालन में वन विभाग के अधिकारियों की भूमिका को लेकर भी शासन को अवगत कराया गया है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि जनपद में अवैध गतिविधियों और शासनादेशों की अवहेलना के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जा रही है और दोषियों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# शेख़ जमशेद के दावत-ए-वलीमा में उमड़ा ख़ास-ओ-आम





नगीना (चिंगारी)। लोकप्रिय सांध्य दैनिक चिंगारी के पत्रकार व युवा ठेकेदार शेख मोहम्मद जमशेद के दावत-ए-वलीमा कार्यक्रम में हजारों की संख्या में गणमान्य लोगों, राजनेताओं व जनप्रतिनिधियों ने शिरकत कर वर-वधु को आशीर्वाद दिया। बीती रात नहटौर मार्ग स्थित एक बैंकट हॉल में आयोजित हुए भव्य दावत-ए-वलीमा कार्यक्रम में पूर्व सांसद मुंशीराम, पूर्व भाजपा सांसद डॉ. यशवंत सिंह, चिंगारी संपादक सूर्यमणि रघुवंशी, थाना अध्यक्ष अवनीतमान, जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती उवेश अकरम, तनवीर अख्तर, अग्रणी काष्ठ कला उद्यमी जुल्फिकार आलम, प्रमुख हैंडीक्राफ्ट कारोबारी सलीम अहमद व्हील वाले, वरिष्ठ कांग्रेस नेता काज़ी अरशद मसूद, भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि, जिला उपाध्यक्ष नीरज बिश्नोई, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अरविंद गहलोत, पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान, नगर अध्यक्ष अंजलि मित्तल, पूर्व नगर अध्यक्ष सौरभ मित्तल, पूर्व नगर अध्यक्ष शिव शंकर सक्सेना, पालिका के नामित सभासद डॉक्टर भूपेश चौहान, सोहन सैनी, पूर्व नामित सभासद संजय शर्मा, रईस अहमद कुरैशी, भाजपा के नगर महामंत्री पंडित सचिन शर्मा, आबिद निसार, नौशाद अप्पा, नासिर मुल्तानी, टीकमचंद्र गुप्ता, लाला हरी गोपाल अग्रवाल, हिंदू इंटर कॉलेज के प्रबंधक साहू कपिल अग्रवाल, ट्रांसपोर्टर सचिन बिश्नोई, सनी चौधरी, अमित जैन विक्की, किसान नेता कुंवर हर्षवर्धन सिंह, पत्रकार चिंतन राजपूत, भाजपा नेता यशपाल सिंह, पत्रकार धर्मेंद्र चौधरी, मुकेश त्यागी, नंद किशोर सैनी, मुनीर आलम, यासीन सोनी, डॉ. मुअज्जम हुसैन रियाजी, शिक्षाविद परवेज आदिल माही, हैंडीक्राफ्ट कारोबारी नासिर मुल्तानी, सपा के पूर्व नगर अध्यक्ष शेख मोहम्मद राशिद, प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर, प्रधान आफताब अंसारी, व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अब्दुल कय्यूम राईन, दीपक अग्रवाल, राजकुमार सेठी, राजकुमार बिश्नोई, सभासद गोपाल शर्मा, मोहम्मद शानू, बृजमोहन बिश्नोई, रोहित बिश्नोई, विकास गुप्ता विक्की, सार्थक गुप्ता, गौरव शर्मा, भाजपा नेता लवी मित्तल, विहिप नेता प्रदीप गर्ग, गौरव मल्होत्रा, सभासद रामकुमार यादव, उर्दू शायर डॉक्टर आलमगीर काजमी, भाजपा नेता रोहित रवि, एलआरएस ग्रुप ऑफ कॉलेज के डायरेक्टर संजीव अग्रवाल, एलआरएस महिला महाविद्यालय के प्रबंधक राकेश अग्रवाल, प्रहलाद कुशवाह, अतीक भारती, नरेंद्र सचदेवा, चेतन सचदेवा, गौरव गोयल आदि शामिल रहे। शेख मोहम्मद जमशेद ने सभी मेहमानों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस



**स्योहारा (चिंगारी)।** भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस स्योहारा में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण कुमार वर्मा के प्रतिष्ठान पर कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि भाजपा ने देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और कार्यकर्ताओं की मेहनत से संगठन लगातार मजबूत हो रहा है। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय संरक्षक अरुण कुमार वर्मा, जिला अध्यक्ष ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज संगठन एवं भाजपा मंडल मंत्री अमित कुमार वर्मा, शक्ति केंद्र संयोजक मनुज वर्मा, कपिल वर्मा, प्रियांशु वर्मा, कनिष्क वर्मा, आदित्य कुमार, अंश वर्मा, मोहित वर्मा, शोभित वर्मा, रोहित वर्मा, सोनू वर्मा, संदीप वर्मा, रवि वर्मा, अक्षत वर्मा, अक्षय वर्मा, गौरव यादव, चिंटू वर्मा, डॉ. दिनेश चौहान, वीरेंद्र सिंह, दीपांशु चौहान, मनोज भटनागर, नीरज राणा, मनोज कुमार, आशु प्रजापति, शेखर वर्मा, संजीव वर्मा व संजीव गर्ग सहित कई लोग मौजूद रहे।

# 216 मरीजों का चैकअप किया, 131 का होगा मोतियाबिंद आप्रेशन

**हल्दौर (चिंगारी)।** समाजसेवी सुशील वर्मा द्वारा निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश के सहयोग से एक नेत्र शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 216 मरीजों की आंखों का चैकअप किया गया, जिनमें से टेक्नीशियन टीम ने 131 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया। यहां वर्मा मैरिज हॉल पर लगे नि:शुल्क नेत्र शिविर में नगर व आसपास के क्षेत्रों के लोग अपनी आंखों का चैकअप कराने पहुंचे, जिनकी आंखों का निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश की चिकित्सकों की टीम द्वारा नि:शुल्क चैकअप किया गया। चिकित्सको की टीम में शामिल डा. संजय बर्थवाल, बब्लू कुमार, निशांत कुमार, शुभम नेगी, सूरज तिवारी, सुखबीर सिंह, विकास बडोनी, रामकिशोर, अनिकेत, महेंद्र सिंह आदि ने 216 मरीजों की आंखों का चैकअप कर 131 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया। चयनित 95 मरीजों को रविवार को ही ऑपरेशन के लिये ऋषिकेश ले जाया गया, जबकि शेष 36 मरीजों को अगले महीने ऑपरेशन के लिए ऋषिकेश ले जाया जाएगा। शिविर में सुशील वर्मा, महिपाल सिंह, जितेंद्र फौजी, दुष्यंत चौहान देशू, डॉ. गजराज सिंह, डा.वीरेन्द्र सिंह, अरविंद चौहान, तरंग वर्मा व भोले वर्मा आदि का सहयोग रहा।

# गजरौला पाईमार मंडल में प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन



**नजीबाबाद (चिंगारी)।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से नजीबाबाद विधानसभा के गजरौला पाईमार मंडल में पंडित दीन दयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देने के साथ पार्टी की योजनाओं पर चर्चा की गई। गजरौला पाईमार मंडल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेत्री एवं धामपुर की पूर्व चेयरपर्सन श्रीमती लीना सिंघल, कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीमती सविता प्रजापति, जिला महामंत्री बलराज त्यागी, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, मंडल अध्यक्ष वरूण आत्रे, मंडल महामंत्री शिवम चौहान आदि ने अपने विचार रखे।



# प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस हाईवे लोकार्पण कार्यक्रम के मद्देनजर प्रशासन की तैयारियां तेज

## डीएम व एसएसपी ने दिये अधिकारियों को निर्देश



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 14 अप्रैल को प्रस्तावित दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस हाईवे के लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिलाधिकारी सविन बंसल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोबाल ने प्रशासनिक अधिकारियों की टीम के साथ आशारोड़ी से गढ़ीकैंट स्थित महेन्द्र ग्राउंड तक सड़क मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग, एनएचएआई एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को क्षतिग्रस्त डिवाइडरों की मरम्मत, पैचवर्क, दीवारों के रंगरोगन तथा चौक-चौराहों पर सौंदर्यीकरण के निर्देश दिये। साथ ही सड़क किनारे फैले मलवे की सफाई कर पूरे मार्ग को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाने को कहा। सड़क किनारे क्षतिग्रस्त हॉर्डिंग्स को भी ठीक कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि पूरे मार्ग पर चाक-चौबंद सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित किये जाये, ताकि आवागमन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

जिलाधिकारी ने गढ़ीकैंट स्थित महेन्द्र ग्राउंड में मुख्य कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया, तथा अधिकारियों को निर्देश दिये कि मुख्य पंडाल, आमजन के बैठने की व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग, पेयजल, सूक्ष्म जलपान एवं मोबाइल शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित की जाएं। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ सौंपे गए दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करने के निर्देश देते हुए कहा कि कार्यक्रम की तैयारियों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोभाल, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, संयुक्त मजिस्ट्रेट राहुल आनंद, नगर मजिस्ट्रेट प्रत्युष सिंह, उप जिलाधिकारी हरिगिरि, अपूर्वा सिंह, कुमकुम जोशी, संयुक्त सचिव गौरव चटवाल, लोनिवि के अधीक्षण अभियंता ओपी सिंह, एनएचआई की प्रबंधक शालू चौहान आदि उपस्थित थे।

# उत्तराखण्ड क्रान्ति दल ने चलाया सदस्यता अभियान

## 200 लोगों ने ली सदस्यता

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड क्रांति दल की महानगर इकाई की ओर से भाबर क्षेत्र के घमंडपुर स्थित एक बारातघर के सभागार में सदस्यता अभियान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान दो सौ से अधिक पूर्व सैनिकों व अन्य लोगों ने यूकेडी की सदस्यता ग्रहण की।

समारोह में मुख्य अतिथि यूकेडी के केंद्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र कुकरेती ने कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल में सब का स्वागत है। वर्तमान में बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिक, महिलाएं व युवा सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। यह दल के लिए सकारात्मक संकेत है। विशिष्ट अतिथि दल के संरक्षक डॉ. शक्तिशैल कपरवाण ने कहा कि यूकेडी जिम्मेदार राजनीतिक दल है, जिसने उत्तराखंड राज्य बनाने के लिए संघर्ष किया और वह सरकार चलाने में भी सक्षम है। कहा कि राष्ट्रीय पार्टियों की पहाड़ विरोधी नीतियों से जनता त्रस्त हो चुकी है, भ्रष्टाचार अपराध और माफिया तंत्र बढ़ रहा है। इन सबसे पीड़ित जनता 2027 में उत्तराखंड क्रांति दल को अपना आशीर्वाद देने जा रही है। कहा कि यूकेडी सत्ता में आएगी तो जन भावनाओं के अनुकूल विकास करेगी। मौके पर आगामी चुनावों में यूकेडी को विजयी बनाने का संकल्प लिया गया। समारोह में वीपी भट्ट, अप्रा. कर्नल कैलाश देवरानी, अप्रा. कर्नल विनोद नेगी, शांति भट्ट, उमेद सिंह भण्डारी, भारत मोहन काला, सत्यपाल सिंह नेगी और किरण नौगांई सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# नगर की दो शिक्षिकाएं जयपुर में हुईं सम्मानित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भव्या फाउंडेशन के तत्वावधान में रविवार को जयपुर के जगतपुरा स्थित ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी में कैंसर पीड़ितों और विशेष योग्यता वाले बच्चों को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मैत्री और ग्लोबल डायमंड आइकॉन सम्मेलन का आयोजन किया गया। समारोह में उत्तराखंड के कोटद्वार की कवियत्री व शिक्षिका लक्ष्मी चौहान व शिक्षिका डॉ. सुनीता डंडरियाल को ग्लोबल डायमंड आइकॉन अवार्ड-2026 से सम्मानित किया गया। भव्या फाउंडेशन के संस्थापक शैलेन्द्र माथुर, निदेशक डॉ. निशा माथुर, प्रख्यात समाजसेवी एवं उद्यमी अशोक माहेश्वरी और एडवोकेट राजीव कुमार रंजन ने उन्हें सम्मानित किया। उन्हें यह सम्मान शिक्षा में नवाचार करने एवम हिंदी भाषा में लेखन और हिन्दी साहित्य के प्रचार-प्रसार में उनके योगदान के लिए दिया गया है। शिक्षिकाओं की इस उपलब्धि पर अन्य शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# आदतन अपराधी शराब तस्कर दिनेश पंत हुआ जिला बदर



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** डीएम के निर्देश पर शराब तस्करी में लिप्त आदतन अपराधी शिवराजपुर निवासी दिनेश पंत को पुलिस ने 06 माह के लिए जिला बदर कर दिया है। पुलिस उपाधीक्षक निहारिका सेमवाल ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार के निर्देश पर जनपद में आदतन सक्रिय के खिलाफ गुंडा अधिनियम व जिला बदर की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि शराब तस्करी में लगातार सक्रिय रहने वाले कोटद्वार के शिवराजपुर निवासी दिनेश पंत को जिलाधिकारी के निर्देश पर रोडवेज की बस में बैठाकर इस चेतावनी के साथ जिला बदर कर दिया कि अगर समय से पहले जनपद में प्रवेश किया तो कड़ी कार्रवाई होगी। पुलिस टीम में उप निरीक्षक सैयदादुल बहार कांस्टेबल राकेश आजाद व अनुज वर्मा शामिल थे।

# वनाग्नि की घटनाएं रोकने में सहयोग करेंगे सेवानिवृत वनाधिकारी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** वन विभाग से सेवा निवृत अधिकारी कर्मचारी कल्याण समिति की सोमवार को पनियाली स्थित अरण्य सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान अग्निकाल में विभाग का सहयोग करने का निर्णय लिया गया। समिति अध्यक्ष आरपी पंत ने कहा कि ग्रीष्मकाल आ गया है। ग्रीष्मकाल में वनाग्नि की घटनाएं होती हैं, सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को विभाग का सहयोग करने के लिए तैयार रहना चाहिए। कहा कि लोगों को भी वनों में आग न लगाने के प्रति जागरूक करना आवश्यक है।

इस पर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति दी। मौके पर दुगड्डा रेंज से 31 मार्च को सेवानिवृत्त हुए रेंजर अमर सिंह ने समिति की सदस्यता ग्रहण की, जिस पर अन्य सदस्यों द्वारा उनका स्वागत किया गया। बैठक में रामकृष्ण बुड़ाकोटी, अनिल कुकरेती, नवीन चंद्र जोशी, सुरेश मधवाल, गणेश डोभाल, केसी राम निराला और आर ए खान सहित अन्य सेवानिवृत्त कर्मचारी शामिल रहे।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# कोटद्वार के तीन युवा मुक्केबाज नेशनल प्रतियोगिता में करेंगे प्रतिभाग

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार स्टेडियम के तीन मुक्केबाज 13 से 19 अप्रैल तक असम के गुवाहाटी में आयोजित होने वाली आठवीं यूथ बालक-बालिका नेशनल मुक्केबाजी प्रतियोगिता में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

सोमवार को स्टेडियम इंचार्ज और बॉक्सिंग कोच श्याम सिंह डांगी ने बताया कि उत्तराखंड स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप 3 से 5 अप्रैल तक हरिद्वार में आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में कोटद्वार के मुक्केबाज अंशवीर ने 50 से 55, रक्षित जोशी ने 75 से 80 व मानसी नेगी ने 65 से 70 किग्रा. भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। वहीं आरोहण सिंह ने 60 से 65, हिमांशु बिष्ट ने 65 से 70 और सार्थक सिंह ने 80 किग्रा. भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर अंशवीर, रक्षित जोशी और मानसी का चयन असम के गुवाहाटी में होने वाली आठवीं यूथ बालक-बालिका नेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ है। मुक्केबाजों की इस उपलब्धि पर जिला क्रीड़ाधिकारी जयवीर सिंह रावत, वरिष्ठ सहायक शिवम सिंह रावत, स्टेडियम के सभी कोचों और खेल प्रेमियों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# सहकार भारती की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन

## सहकारिता के विभिन्न क्षेत्रों एवं विषयों पर जानकारी दी गई

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** सहकार भारती की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य एवं मध्य प्रदेश के प्रदेश महामंत्री राकेश चौहान और सहकार भारती उत्तराखंड के प्रदेश संगठन प्रमुख राजेश वर्मा के गढ़वाल मंडल प्रवास कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार देर शाम को स्थानीय होटल के सभागार में संगठन की जिला पौड़ी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रदेश महामंत्री राकेश चौहान ने राष्ट्रीय सहकारिता नीति 2025 और सहकारिता के विभिन्न क्षेत्रों और विषयों पर जानकारी दी। कहा कि सहकार भारती संगठन अपने स्थापना वर्ष 1978-79 से ही सहकारिता आंदोलन को बढ़ावा देने में अग्रणी रहा है। सहकारिता संस्कार से सहकार और समृद्धि के सिद्धांत के साथ पूरे राष्ट्र स्तर पर सहकारी संस्थाओं के विकास और सुदृढ़ीकरण हेतु कार्यरत है। साथ ही उन्होंने समितियों को अर्बन कोऑपरेटिव बैंको से जोड़ना, प्रकोष्ठ गठन, समितियों को कोऑपरेटिव बैंको में सही प्रतिनिधित्व दिलाना आदि पर भी जानकारी दी। वहीं सहकार भारती उत्तराखंड के प्रदेश संगठन प्रमुख राजेश वर्मा ने सहकारी समितियों के उद्देश्य, संरचना, गठन व लाभ सहित सहकारिता के माध्यम से आर्थिकी सुदृढ करने और सहयोगी भावना से समग्र सामाजिक विकास कर पलायन को रोकने पर चर्चा की। इस अवसर पर सहकार भारती संगठन की जिला कार्यकारिणी की सेल्फ हेल्प ग्रुप प्रमुख दीपा देवी, सह महिला प्रमुख पूनम खंतवाल, जिला मंत्री मनोज द्विवेदी, नेत्रपाल सिंह, दुगड्डा ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश जुयाल, संगठन अध्यक्ष चंद्रप्रकाश असवाल, जयहरीखाल ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल गुसाईं, पोखड़ा ब्लॉक अध्यक्ष अशोक सुंदरियाल सहित और अन्य ब्लॉकों के सदस्य शामिल रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# पति ने मारकर हथौड़ा पत्नी का सिर फोड़ा

नूरपुर ( चिंगारी )। गृह क्लेश के चलते गुस्साए पति ने पत्नी के सर पर लोहे के हथोड़े से हमला कर दिया, जिससे पत्नी बुरी तरह घायल हो गई। परिजन महिला को उपचार के लिए सीएचसी लाए, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव कुंडा खुर्द में सोमवार को एक गंभीर मामला सामने आया। गांव निवासी एक युवक का किसी बात को लेकर अपनी पत्नी से विवाद हो गया। गुस्साए युवक ने पत्नी के सर पर हथोड़े से हमला कर दिया। हमले के बाद आरोपी पति घर से फरार हो गया। खून से लथपथ महिला को परिजन आनन-फानन में उपचार के लिए नूरपुर सामुदायिक केंद्र लाए, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया। बताया गया कि डेढ़ वर्ष पूर्व ही युवक की शादी हुई थी। उसके आठ माह का बच्चा भी है। युवक के पिता की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई है। पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# मंडावली में नहर किनारे अज्ञात शव मिलने से हड़कंप मचा

नजीबाबाद ( चिंगारी )। मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम भागूवाला में सोमवार को एक अज्ञात व्यक्ति का नहर किनारे शव मिलने से हड़कंप मच गया। गश्त के दौरान राहगीरों ने घटना की पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा जांच पड़ताल शुरू कर दी। मृतक की आयु करीब 38 वर्ष बताई गई है। प्राथमिक जांच में किसी वाहन की टक्कर से उक्त व्यक्ति की मौत होने की आशंका जताई गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस द्वारा मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। आसपास के क्षेत्रों में जानकारी जुटाई जा रही है।


खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476



Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT. सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर





बिजनौर टाइम्स एवं चिंगारी के संस्थापक, संपादक यशस्वी पत्रकार, विचारक एवं साहित्यकार
बाबू सिंह चौहान जी
को उनकी 27वीं पुण्यतिथि पर ख़िराजे अक़ीदत पेश करता हूं।
मैं मोहम्मद वली अंजुम शायर समाजसेवी और ईओन फार्माकल्स का को-फाउंडर सभी पत्रकार बंधुओं और एक शाम वली अंजुम के नाम मुशायरा और कवि सम्मेलन में तमाम हाज़िरीन का दिल की गहराइयों से शुक्रिया अदा करता हूं।
मोहम्मद वली अंजुम
को- फाउंडर ईओन फार्माकल्स
शायर व प्रमुख समाजसेवी
मोहल्ला- मुमताज़ हुसैन अफ़ज़लगढ़
( जिला- बिजनौर ) यूपी इंडिया





भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी" के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना
"सिंदूरी"
योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तकें एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स
Neal Rajput (M.B.B.S.) Pranab Rajput (M.B.B.S.) Roopali (M.B.B.S.) Vanshika Singh (IIT) Avantika Rana (M.B.B.S.) Avantika Malik (M.B.B.S.)
BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928



Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor